संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी


**सुविचार**

**असफलता केवल नए प्रयास की दिशा बदलती है।**




**8 नवंबर 2000 – झारखंड राज्य का गठन बिहार से अलग होकर हुआ।**


पूर्णिया शनिवार 8 नवंबर 2025 email : newsscalepurnea@gmail.com डिजिटल संस्करण RNI NO. JHAHIN/2015/74242 वर्ष 02, अंक 226


# राजद ने अनुसूचित जाति के कांग्रेस अध्यक्ष का किया अपमान : प्रधानमंत्री

## - कांग्रेस के कनपट्टी में कट्टा सटा कर राजद ने घोषित करवाया मुख्यमंत्री उम्मीदवार

**-पटना,** (हि.स.)। बिहार के औरंगाबाद और भभुआ में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि अनुसूचित समाज के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने किया अपमानित है। कांग्रेस के अनुसूचित समाज के प्रदेश अध्यक्ष को भी राजद ने अपमानित किया है। जंगलराज वालों के पास हर वो चीज है, जिससे यहां के लोगों को खतरा है।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राजद नेताओं को जहां मौका मिलता है, वे कांग्रेस को अपमानित करने से बाज नहीं आते। कांग्रेस की कनपट्टी में कट्टा सटा कर राजद ने अपने को मुख्यमंत्री घोषित कराया। कांग्रेस को वही सीटें दी, जो दो दशक से राजद नहीं जीत पाई है। संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस को अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष को नहीं बुलाया गया।

प्रधानमंत्री ने भीड़ से पूछा कि अपनों को धोखा देनेवाले आपके हो सकते हैं क्या? राजद के लोग युवाओं को नौकरी देने की बजाय अभी से रंगदार बनाने में लग गए हैं। कट्टा, दोनाली, फिरौती, रंगदारी की पढ़ाई पढ़ाने लगे हैं। मोदी ने आगे कहा कि जंगल राज वाले नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में जमानत पर चल रहे हैं। ये नौकरी क्या देंगे आप सोच सकते हैं। भीड़ से पूछा- बिहार को कट्टा सरकार चाहिए क्या, आवाज आई नहीं।

पहले चरण के मतदान में हुए बंपर मतदान पर प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी से ही पराजय का कारण ढूंढने में राजद-कांग्रेस के लोग लग गए हैं। इस बार बिहार में राजग की अब तक सबसे बड़ी जीत होगी। महिलाओं का सम्मान करना राजग जानती है। पहले नगर निकाय व पंचायत चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया, फिर नौकरी में 35 प्रतिशत और अब रोजगार के लिए एक करोड़ 40 लाख बहनों के खाते में 10-10 हजार रुपये दिए गए। रोजगार के लिए उन्हें दो लाख रुपये दिए जाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने याद दिलाते हुए कहा, " मैंने जो कहा वही किया। कश्मीर से धारा-370 समाप्त कराया। अगड़े वर्ग के गरीबों को आर्थिक सुधार के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण दिया। मैं जो कहता हूं वहीं करता हूं। बिहार में 60 लाख गरीब परिवारों को पक्का घर दिया। इसमें सभी वर्ग के लोग शामिल हैं। घर-घर मुफ्त बिजली के साथ किसानों को सम्मान राशि दी जा रही है। इस बार सरकार बनी, तो किसानों के सम्मान राशि में तीन हजार की बढ़ोतरी होगी। प्रत्येक वर्ष किसानों को नौ हजार रुपये मिलेंगे।"

प्रधानमंत्री ने मंच से राजग उम्मीदवारों को विजयी बनाने और बिहार में एक बार फिर से राजग की सरकार बनाने का आह्वान किया।--

## प्रधानमंत्री आज वाराणसी से चार नई वंदे भारत ट्रेनों को दिखायेंगे झंडी, पर्यटन व आर्थिक गतिविधियों में आएगी तेजी

**वाराणसी,** (हि.स.)। देशभर में पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय रेल ने नई वंदे भारत ट्रेन सेवाओं की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार सुबह वाराणसी रेलवे स्टेशन से खजुराहो के लिए वंदे भारत ट्रेन को प्रत्यक्ष रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके साथ ही लखनऊ-सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और एर्नाकुलम-बेंगलुरु मार्गों पर चलने वाली तीन अन्य वंदे भारत ट्रेनें वर्चुअली झंडी दिखाकर शुरू होंगी।



**वाराणसी-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस** : वाराणसी से खजुराहो जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों, जैसे वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट और खजुराहो को जोड़ेगी। यह ट्रेन तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को तेज़, आधुनिक और आरामदायक यात्रा प्रदान करेगी। नई सेवा से यात्रा समय में लगभग 2 घंटे 40 मिनट की बचत होगी, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधा और बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

**उत्तर भारत और पंजाब के लिए तेज़ सेवाएं** : लखनऊ-सहारनपुर वंदे भारत एक्सप्रेस 7 घंटे 45 मिनट में यात्रा पूरी करेगी, जिससे यात्रा समय में लगभग 1 घंटे की बचत होगी। यह सेवा लखनऊ, सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, बिजनौर और सहारनपुर के यात्रियों के लिए सुविधा बढ़ाएगी और हरिद्वार तक पहुंच आसान बनाएगी। वहीं, फिरोजपुर-दिल्ली वंदे भारत ट्रेन मात्र 6 घंटे 40 मिनट में यात्रा पूरी कर सबसे तेज़ सेवा प्रदान करेगी। यह पंजाब और दिल्ली के बीच व्यापार, पर्यटन और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देगी। कुल मिलाकर, इन नई वंदे भारत ट्रेनों से देशभर में क्षेत्रीय गतिशीलता बढ़ेगी और पर्यटन, व्यापार और रोजगार के अवसरों में सुधार होगा।

**दक्षिण भारत की कनेक्टिविटी में सुधार** एर्नाकुलम-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस यात्रा समय में 2 घंटे से अधिक की बचत करेगी और 8 घंटे 40 मिनट में यात्रा पूरी करेगी। यह ट्रेन केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक के प्रमुख वाणिज्यिक और आईटी केंद्रों को जोड़ेगी, जिससे प्रोफेशनल, छात्र और पर्यटक तेज़ और आरामदायक यात्रा का लाभ उठा सकेंगे। इस सेवा से दक्षिण भारत में आर्थिक गतिविधियों और पर्यटन को भी नई गति मिलेगी।

## आप सब पृथ्वी को नष्ट कर रहे हैं : संयुक्त राष्ट्र महासचिव

**बेलेम (ब्राजील),** (हि.स.)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस से कम रखने में असफल विश्व नेताओं की कड़ी आलोचना की। उन्होंने इसे नैतिक पतन और गंभीर असावधानी करार दिया और चेतावनी दी कि यह पारिस्थितिकी तंत्र के विनाश का कारण बन सकता है। सीओपी 30 सम्मेलन में उन्होंने कहा कि कई संस्थाएं पर्यावरणीय नुकसान से लाभ कमा रही हैं। विश्व मौसम विभाग की रिपोर्ट ने भी ग्रीनहाउस गैसों में खतरनाक वृद्धि की पुष्टि की है। सम्मेलन में लगभग 150 राष्ट्राध्यक्षा हिस्सा लेंगे, लेकिन अमेरिका, चीन, भारत और रूस की अनुपस्थिति इसे चुनौतीपूर्ण बना रही है।



## डीएमके कार्यालय, अरुण विजय और खुशबू के घरों सहित 7 जगह पर बम रखने की धमकी, जांच में नहीं मिला विस्फोटक

**चेन्नई,** (हि.स.)। शहर में राजनीतिक और फिल्म जगत के कई नामी हस्तियों, डीएमके कार्यालय और सरकारी प्रतिष्ठानों को बम से उड़ाने की धमकियाँ मिलने का सिलसिला थम नहीं रहा है। आज सुबह डीजीपी कार्यालय को ईमेल मिला, जिसमें डीएमके कार्यालय अन्ना अरिवालयम, गवर्नर पैलेस, अभिनेता एसवी शेखर और अभिनेत्री खुशबू के घर, अरुण विजय के घर समेत कुल सात स्थानों पर बम होने की सूचना दी गई।



**. पुलिस की गहन तलाशी और नकली बम** सूचना मिलते ही पुलिस ने बम निरोधक दस्तों और खोजी कुत्तों के साथ सभी जगहों पर तलाशी ली। जांच में सभी स्थानों पर पाए गए बम नकली साबित हुए और किसी भी तरह का विस्फोटक नहीं मिला। अरुण विजय अपने परिवार के साथ एकट्टुथंगल स्थित घर में रहते हैं और वहां भी बम की धमकी झूठी पाई गई।

**साइबर क्राइम पुलिस की जांच** साइबर क्राइम पुलिस ने संबंधित मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इससे पहले भी अभिनेता एसवी शेखर, मुख्यमंत्री स्टालिन, अभिनेत्री स्वर्णमाल्या और अन्य स्थानों को कई बार बम धमकियाँ मिल चुकी हैं। पुलिस लगातार ऐसे झूठे धमकियों की गहन निगरानी कर रही है।

## पंजाब के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा, पूर्व मंत्री रजिया सुल्ताना समेत चार पर अखिल अख्तर की हत्या का आरोप

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पंजाब के पूर्व पुलिस महानिदेशक मोहम्मद मुस्तफा, उनकी पत्नी और पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री रजिया सुल्ताना, मृतक की पत्नी और बहन समेत चार लोगों के खिलाफ बेटे अखिल अख्तर की संदिग्ध हालात में हुई मौत के मामले में गुरुवार को हत्या के आरोप की एफआईआर दर्ज कर ली।

ब्यूरो के अनुसार, अखिल अख्तर की 16 अक्टूबर को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। वह मोहम्मद मुस्तफा और रजिया सुल्ताना के पुत्र थे और पंचकूला के सेक्टर-चार में मनसा देवी मंदिर के पास रहते थे।

एजेंसी ने कहा कि परिवार के भीतर लंबे समय से तनाव चल रहा था। 27 अगस्त को अखिल अख्तर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया था। इसमें उन्होंने अपने पिता और अपनी पत्नी के बीच अवैध संबंधों का आरोप लगाया। वीडियो में उन्होंने यह भी कहा था कि उनकी मां और बहन समेत पूरा परिवार उन्हें मारने या किसी झूठे मामले में फंसाने की साजिश कर रहा है।



हरियाणा सरकार ने 20 अक्टूबर को दर्ज एफआईआर संख्या 131 (थाना मनसा देवी कॉम्प्लेक्स, पंचकूला) की जांच सीबीआई को सौंपी थी।

## कालूघाट और हल्दिया टर्मिनल पीपीपी ऑपरेटर को सौंपे गए, कार्गो संचालन शुरू

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। बिहार के सारण जिले में स्थित कालूघाट इंटरमॉडल टर्मिनल (आईएमटी) को पीपीपी ऑपरेटर एसएपीएल समिट एलायंस पोर्ट ईस्ट गेटवे इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को सौंप दिया गया है। यह टर्मिनल विभिन्न प्रकार के कार्गो को संभालने के लिए डिजाइन किया गया है और इसके संचालन व रखरखाव के लिए सार्वजनिक-निजी साझेदारी (पीपीपी) मॉडल अपनाया जाएगा। एसएपीएल कुल राजस्व का 38 प्रतिशत आईडब्ल्यूएआई को देगा, जिससे सार्वजनिक हित और व्यावसायिक दक्षता का संतुलन सुनिश्चित होगा। वहीं, पश्चिम बंगाल के हल्दिया मल्टी-मॉडल टर्मिनल में आईडब्ल्यूएआई और विश्व बैंक की तकनीकी व वित्तीय सहायता से कार्गो संचालन शुरू हो गया है। यहां से टाटा स्टील का ग्रेनुलेटेड ब्लास्ट फर्नेस स्लैग असम के पांडु के लिए रवाना किया गया। हल्दिया टर्मिनल की वार्षिक कार्गो हैंडलिंग क्षमता 3.08 मिलियन मीट्रिक टन है। आईडब्ल्यूएआई अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि दोनों टर्मिनल राष्ट्रीय जलमार्ग एक पर एकीकृत मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स नेटवर्क के दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे



## ट्रंप के पाकिस्तान परमाणु परीक्षण संबंधी बयान का भारत ने लिया संज्ञान

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पाकिस्तान के परमाणु परीक्षण करने के बयान पर संज्ञान लिया है। साथ ही कहा है कि पाकिस्तान का इतिहास ही गुप्त एवं अवैध गतिविधियों का और परमाणु प्रसार का रहा है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि पाकिस्तान की गुप्त और गैरकानूनी परमाणु गतिविधियाँ उसके पुराने इतिहास से मेल खाती हैं। यह इतिहास तस्करी, निर्यात नियंत्रण के उल्लंघन, गुप्त साझेदारियाँ, ए.क्यू. खान नेटवर्क और परमाणु प्रसार पर आधारित रहा है । भारत ने पाकिस्तान के रिकॉर्ड के इन पहलुओं पर हमेशा दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। इसी पृष्ठभूमि में हमने पाकिस्तान के परमाणु परीक्षण पर राष्ट्रपति ट्रम्प की टिप्पणी को नोट किया है।



वहीं जी20 देशों के शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के शामिल होने या न होने पर भारत में कोई टिप्पणी नहीं की है और भारत के सहभागी होने की पुष्टि की है । प्रवक्ता ने कहा है कि भारत इसका सदस्य है।

## सेना को जल्द मिलेंगे तेजस -1ए, इंजन आपूर्ति के लिए एचएएल का अमेरिकी कंपनी से हुआ करार

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने एफ-404 इंजन की आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण समझौते पर सहमति जताई है।]

यह इंजन एलसीए तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमानों में इस्तेमाल होगा, जिन्हें जल्द ही भारतीय वायु सेना में शामिल किया जाएगा। एचएएल के अध्यक्ष डॉ. डीके सुनील ने कहा कि 113 इंजनों का 1 अरब डॉलर से अधिक का ऑर्डर अंतिम रूप दे दिया गया है।




**उत्पादन में तेजी की उम्मीद**

एचएएल ने 10वें विमान का ढांचा तैयार कर लिया है और 11वां विमान निर्माणाधीन है। जीई ने इस साल 12 इंजन देने का वादा किया है, जिनमें से 10 इस वित्तीय वर्ष में मिलेंगे और बाकी अगले वित्तीय साल तक। इससे विमान उत्पादन में तेजी आएगी।

**भारतीय वायु सेना के लिए बड़े ऑर्डर** : रक्षा मंत्रालय ने एचएएल को कुल 180 तेजस मार्क-1ए विमानों का ऑर्डर दिया है। हाल ही में 97 विमानों का नया ऑर्डर भी जारी हुआ है, जिनमें 68 सिंगल-सीटर और 29 ट्विन-सीटर विमान शामिल हैं। डिलीवरी 2027-28 से शुरू होकर छह वर्षों में पूरी होगी।

## सीबीआई ने झारखंड में सीसीएल के मैनेजर को रिश्वत लेते हुए किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने झारखंड के सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के डाकरा प्रोजेक्ट ऑफिस के मैनेजर और पर्सनल-एचआर दीपक गिरी को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। आरोपित ने शिकायतकर्ता से 50 हजार रुपये की रिश्वत स्वीकार की। सीबीआई के मुताबिक एजेंसी ने गुरुवार को इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने सहानुभूतिपूर्ण आधार पर नियुक्ति की प्रक्रिया के लिए 1 लाख 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। आरोपित ने 50 हजार रुपये की पहली किस्त स्वीकार करने पर सहमति जताई। सीबीआई ने जाल बिछाकर आरोपी को रंगे हाथ शिकायतकर्ता से पहली किस्त की रिश्वत स्वीकार करते गिरफ्तार कर लिया। एजेंसी ने बताया कि जांच अभी जारी है



# मोदी-नीतीश की सरकार ने बिहार से नक्सलवाद को समाप्त कर विकास के रास्ते पर लाने का किया काम : अमित शाह

**पटना,** (हि.स.) बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद अब दूसरे चरण के लिए सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जमुई में राजग उम्मीदवार के समर्थन में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने जनता से विकास के पक्ष में मतदान की अपील की और विपक्ष पर जमकर निशाना साधा।

**'जंगलराज' पर अमित शाह का करारा प्रहार** : गृह मंत्री ने अपने संबोधन में लालू–राबड़ी शासन को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि उस दौर में बिहार में अपहरण,



फिरौती और नरसंहार आम बात थी। उन्होंने कहा कि "बारात जाती थी तो उगाही के लिए लोग कट्टा लेकर पहुंच जाते थे।" उस शासन ने बिहार की फैक्ट्रियां बंद करा दीं, कारोबार चौपट कर दिया और राज्य को गरीबी में धकेल दिया। शाह ने कहा कि अब बिहार सुशासन और विकास के युग में है, जहां भय का माहौल खत्म हो चुका है।

**जनता से अपील – 'जमुई की चारों सीटें राजग को दें'** अपने भाषण के अंत में अमित शाह ने जनता से अपील की कि जमुई जिले की सभी चारों विधानसभा सीटें राजग के खाते में जानी चाहिए। उन्होंने कहा, "अबकी बार महागठबंधन का खाता भी नहीं खुलना चाहिए।" शाह ने कहा कि बिहार की जनता ने पहले ही चरण में बता दिया है कि वह विकास और स्थिरता के पक्ष में है। उन्होंने विश्वास जताया कि दूसरे चरण में भी जमुई की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व पर भरोसा जताएगी। जमुई की यह सभा न सिर्फ अमित शाह की चुनावी रणनीति का हिस्सा थी, बल्कि राजग के आत्मविश्वास का भी प्रदर्शन थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी पांच साल बिहार के लिए निर्णायक होंगे, जहां सुशासन, विकास और सुरक्षा के मार्ग पर राज्य को आगे ले जाने का काम जारी रहेगा। अमित शाह के संबोधन से स्पष्ट संकेत मिला कि राजग अब पहले से ज्यादा आक्रामक अंदाज में चुनावी मैदान में उतर चुका है।

**पहले चरण में NDA की मजबूत शुरुआत, विपक्ष 'सूपड़ा साफ'** : अमित शाह ने कहा कि पहले चरण के मतदान ने ही यह साबित कर दिया है कि बिहार की जनता जंगलराज को दोबारा लौटने नहीं देगी। उन्होंने दावा किया कि लालू–राहुल की पार्टी का सूपड़ा साफ हो गया है और अब दूसरे चरण में भी जनता राजग के पक्ष में वोट देकर राज्य को विकास की दिशा में ले जाएगी। उन्होंने कहा, "जंगलराज अब भेष बदलकर आना चाहता है, लेकिन जनता उसे आने नहीं देगी।"

**इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर उद्योगों तक, विकास का नया दौर** : गृह मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 10 साल की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि बिहार में सड़कों, पुलों, पुलियों, बिजली संयंत्रों और गन्ना फैक्ट्रियों से लेकर इथेनॉल और खाद के उद्योगों तक विकास की लहर आई है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने हर जिले में इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया है, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। अगले पांच सालों में बिहार को विकसित राज्यों की कतार में खड़ा करना उनका लक्ष्य है।

**लाल गलियारे से विकास की ओर बढ़ा जमुई** : अमित शाह ने कहा कि कभी लाल गलियारे के रूप में पहचाने जाने वाला जमुई आज विकास की नई इबारत लिख रहा है। उन्होंने कहा कि यह वही धरती है, जो कभी नक्सलवाद के साये में थी, जहां लोग भय में जीते थे। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की डबल इंजन सरकार ने बिहार से नक्सलवाद का सफाया कर इसे शांति और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाया है।

» **अमित शाह ने जमुई में कहा – बिहार विकास और सुशासन के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है।**

» **नक्सलवाद के खात्मे और सुरक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर किया उल्लेख।**

» **केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी आई।**

» **नागरिकों से लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान में सक्रिय भागीदारी की अपील।**

# बिहार में पहले चरण का चुनावी रण खत्म होने के साथ दूसरे चरण के 122 सीटों के लिए तैयारी तेज

**पटना,** (हि.स.) बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण का मतदान गुरुवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। इस चरण में 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर वोट डाले गए। पहले चरण में हुए बंपर वोटिंग के बाद सभी दलों की नजर अब राज्य के बाकी बचे 122 सीटों पर केंद्रित हो गया है। सभी राजनीतिक दल अपने उम्मीदवारों और वोट बैंक को मजबूत करने के लिए एक्टिव मोड में नजर आ रहे हैं।

इस क्रम में आज बिहार के कई जिलों में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री से लेकर केन्द्र मंत्रियों और बड़े नेताओं का कार्यक्रम तय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



आज औरंगाबाद और भभुआ में एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा करेंगे। शिवहर में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का कार्यक्रम पुरनहिया में होगा, जबकि केंद्रीय मंत्री ललन सिंह का प्रचार डोर-टू-डोर कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जाएगा। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समाहरणालय मैदान में चुनावी सभा करेंगे। कार्यक्रम के जानकारी शिवहर से जदयू प्रत्याशी स्वेता गुप्ता ने दी।दरअसल बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के चुनाव में सीधा मुकाबला भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की अगुवाई वाले महागठबंधन के बीच माना जा रहा है।हालांकि इन दोनों के बीच जनसुराज पार्टी ने भी अपनी पूरी ताकत लगा दी है। दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होगा। इस चरण में 122 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है।

**दूसरे चरण में इन विधानसभा क्षेत्रों में होना है मतदान**

दूसरे चरण में वाल्मीकिनगर, रामनगर (एससी), नरकटियागंज, बगहा, लौरिया, नौतन, चनपटिया, बेतिया, सिकटा, रक्सौल, सुगौली, नरकटिया, हरसिद्धि (एससी), गोविंदगंज, केसरिया, कल्याणपुर, पिपरा, मधुबन, मोतिहारी, चिरैया, ढाका, शिवहर, रीगा, बथनाहा (एससी), परिहार, सुरसंड, बाजपट्टी, सीतामढ़ी, रून्नीसैदपुर, बेलसंड, हरलाखी, बेनीपट्टी, खजौली, बाबूबरही, बिस्फी, मधुबनी, राजनगर (एससी), झंझारपुर, फुलपरास, लौकहा, निर्मली, सुपौल, त्रिवेणीगंज (एससी), छातापुर, नरपतगंज, रानीगंज (एससी), फारबिसगंज, अररिया, जोकीहाट, सिकटी, बहादुरगंज, ठाकुरगंज, किशनगंज, कोचाधामन, अमौर, बैसी, कसबा, बनमनखी (एससी), रुपौली सीट के लिए चुनाव होंगे। इसके अलावा धमदाहा, पूर्णिया, कटिहार, कदवा, बलरामपुर, प्राणपुर, मनिहारी (एसटी), बरारी, कोरहा (एससी), बिहपुर, गोपालपुर, पीरपैंती (एससी), कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, नाथनगर, अमरपुर, धोरैया (एससी), बांका, कटोरिया (एसटी), बेलहर, रामगढ़, मोहनिया (एससी), भभुआ, चैनपुर, चेनारी (एससी), सासाराम, करगहर, दिनारा, नोखा, डेहरी, काराकाट, अरवल, कुर्था, जहानाबाद, घोसी, मखदुमपुर (एससी), गोह, ओबरा, नबीनगर, कुटुम्बा (एससी), औरंगाबाद, रफीगंज, गुरुआ, शेरघाटी, इमामगंज (एससी), बाराचट्टी (एससी), बोधगया (एससी), गया टाउन, टिकारी, बेलागंज, अत्रि, वजीरगंज, रजौली (एससी), हिसुआ, नवादा, गोबिंदपुर, वारसलिगंज, सिकंदरा (एससी), जमुई, झाझा और चकाई सीटों पर वोट डाले जाएंगे।

## बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मतदाताओं से की दूसरे चरण में भी बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील



**पटना,** (हि.स.) बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के पहले चरण में बंपर वोटिंग होने से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार काफी खुश है। इसे लेकर उन्होंने शुक्रवार को बिहारवासियों को धन्यवाद दिया और 11 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण में बढ़-चढ़कर मतदान करने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री नीतीश ने आज ट्विट कर कहा, " बिहार के लोगों से अपील की है कि दूसरे चरण में भी बढ़-चढ़कर मतदान करें। पहले चरण में रिकॉर्ड मतदान के लिए बिहार के लोगों का हृदय से धन्यवाद। पिछले वर्षों में बिहार ने अभूतपूर्व तरक्की की है। अब समय है बिहार को सबसे ज्यादा विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने का।"

उन्होंने लिखा, "लोकतंत्र में मतदान केवल हमारा अधिकार ही नहीं, दायित्व भी है। बिहार के लोगों से आग्रह है कि आने वाली 11 तारीख को दूसरे चरण में भी इसी उत्साह के साथ मतदान करें, ताकि बिहार और आगे बढ़े। सबका सम्मान हो, सबका विकास हो"।-

# विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर रहा, जनता इसका जवाब दे रही- विपक्ष के डीप स्टेट और वोट चोरी के आरोप जनता समझ चुकी है : जेपी नड्डा

## बिहार में एनडीए की 160 से अधिक सीटों के साथ बनेगी सरकार : जेपी नड्डा

**पटना,** (हि.स.) पहले चरण के मतदान के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एनडीए की संभावित जीत का भरोसा जताते हुए कहा कि हाई वोटिंग प्रतिशत जनता की प्रो-इनकंबेंसी भावना को दर्शाता है। उन्होंने दावा किया कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में स्थिर और विकासोन्मुख सरकार एक बार फिर बनने जा रही है।

**प्रो-इनकंबेंसी वोटिंग और जनता का भरोसा** : नड्डा ने कहा कि पहले चरण के मतदान ने यह साबित कर दिया है कि



बिहार की जनता एनडीए के पक्ष में एकजुट होकर मतदान कर रही है। उन्होंने कहा कि "मैं पहले भी आश्वस्त था, अब पूरी तरह निश्चित हूं कि एनडीए 160 से अधिक सीटों के साथ सरकार बनाएगा। जनता विकास, स्थिरता और मोदीजी के आशीर्वाद के लिए वोट कर रही है।"

**स्थिरता, विकास और भविष्य की रणनीति** : भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि एनडीए ने टिकट वितरण और उम्मीदवार चयन में पूरी तैयारी की है। कुछ बागियों का असर नगण्य रहेगा। "बिहार के लोग विकास और भरोसेमंद नेतृत्व को प्राथमिकता दे रहे हैं। हाई वोटिंग प्रतिशत हमारी जीत की गारंटी है। जनता ने साफ कर दिया है कि बिहार में स्थिर और मजबूत सरकार सिर्फ एनडीए ही बना सकता है।

**कानून-व्यवस्था और प्रशासन में सुधार का दावा** : पूर्व काल के "जंगलराज" का जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा कि तब राज्य की मशीनरी लॉ एंड ऑर्डर में लिप्त थी, जबकि आज प्रशासन निष्पक्ष है। "मुकामा हत्याकांड जैसे मामलों में दोषियों की गिरफ्तारी इस बात का प्रमाण है कि अब किसी से समझौता नहीं किया जाता।"

**विपक्ष के रोजगार वादों को बताया हास्यास्पद** : महागठबंधन और तेजस्वी यादव के 300 करोड़ रोजगार के वादे पर नड्डा ने कटाक्ष किया। उन्होंने इसे "लास्ट मिनट का प्रयास" बताते हुए कहा कि जनता अब ऐसे वादों को गंभीरता से नहीं लेती। "जनता जानती है कि ये वादे खोखले हैं, जिनकी विश्वसनीयता खत्म हो चुकी है।"

# बिहार में विपक्ष फैला रहा है अफवाह, महिलाओं से 10-10 हजार रुपये वापस नहीं लिए जाएंगे : नीतीश कुमार

**पटना,** (हि.स.) बिहार विधानसभा के दूसरे चरण के चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। राजग के अन्य नेताओं की तरह प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी शुक्रवार को केसरिया विधानसभा में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के उम्मीदवार शालिनी मिश्रा और कल्याणपुर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार सचिन्द्र प्रसाद सिंह के समर्थन में जनसभा की। जनसभाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्ष पर हमला



किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने अब तक कुछ नहीं किया है, सिर्फ अफवाह फैलाने का काम किया है। उन्होंने महिलाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि जो 10-10 हजार रुपए दिए गए हैं, उन्हें वापस नहीं लिया जाएगा, अफवाहों में न पड़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के हित में कार्य किया है। हमने मदरसों का सरकारीकरण किया है, वहीं मंदिरों की सुरक्षा भी बढ़ाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री बिहार के लिए लगातार काम कर रहे हैं और समय-समय पर यहां आकर जनता से पूछते हैं कि कोई परेशानी तो नहीं है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जनता से दोनों उम्मीदवारों को जीताने की अपील की। सभा में मौजूद महिलाओं से उन्होंने अपने परिचित अंदाज में हाथ उठाकर समर्थन मांगा और कहा कि बिहार में विकास और शांति बनाए रखने के लिए राजग को वोट दें। जदयू प्रत्याशी शालिनी मिश्रा ने कहा कि आज मुख्यमंत्री ने फिर साफ कर दिया कि महिलाओं को जो 10-10 हजार रुपए मिले हैं, वे वापस नहीं लिए जाएंगे। विपक्ष की फैलाई अफवाहों को महिलाएं समझ चुकी हैं, इसलिए पहले चरण में उन्होंने बढ़-चढ़कर मतदान किया है।

# डीएम एवं एसएसपी ने पोल्ड ईवीएम वज्रगृह-सह-मतगणना केन्द्र का निरीक्षण किया

**पटना ,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत पटना के एएन कॉलेज में पोल्ड ईवीएम वज्रगृह-सह-मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के. शर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था और मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने, मतगणना के दिन सुगम यातायात-प्रबंधन, अचूक विधि-व्यवस्था और



भीड़-प्रबंधन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सभी 14 विधानसभा क्षेत्रों में 6 नवंबर को मतदान समाप्ति के पश्चात 5,677 मतदान केंद्रों के पोल्ड ईवीएम और वीवीपैट एएन कॉलेज में संग्रहित किए गए। वज्रगृह में 24*7 थ्री-टियर सुरक्षा व्यवस्था है और सीसीटीवी निगरानी भी लगातार की जा रही है। दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारी प्रतिनियुक्त हैं। 14 नवंबर 2025 को मतगणना होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि एएन कॉलेज निर्वाचन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण स्थल है और यहां बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र के 18 बूथों का मतदान हुआ था। पोल्ड ईवीएम स्ट्रांग रूम को प्रेक्षकों और अभ्यर्थियों के सामने सील किया गया।

# झारखंड-बिहार के सीमावर्ती इलाके से कुख्यात माओवादी निशांत सोरेन गिरफ्तार :एसडीपीओ

**पटना ,** (हि.स.)। पुलिस ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद और दूसरे चरण के मतदान से पहले झारखंड और बिहार के सीमावर्ती इलाके से एक कुख्यात माओवादी निशांत सोरेन को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी की पुष्टि झाझा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुमार ने की है। गिरफ्तार निशांत सोरेन को चिहरा थाना क्षेत्र के राजाडूमर से गिरफ्तार किया गया है। इस अभियान में सीआरपीएफ और एसटीएफ की टीम भी



शामिल थी। पूछताछ के दौरान निशांत सोरेन ने संगठन से जुड़े कई महत्वपूर्ण जानकारी का खुलासा किया, जिससे पुलिस को आगामी चुनाव में इलाके में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पिछले एक दशक से फरार चल रहे निशांत सोरेन अपने घर राजाडूमर आए हुए हैं। इसके बाद चिहरा थानाध्यक्ष रिंकू रजक के नेतृत्व में विशेष टीम ने उन्हें उनके घर से गिरफ्तार किया।

निशांत सोरेन लंबे समय से जमुई, लखीसराय, बांका, मुंगेर, नवादा और झारखंड के सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय था। वह माओवादी गतिविधियों में संलिप्त रहा और कई घटनाओं को अंजाम देने में शामिल था। उस पर दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से पुलिस लंबे समय से उसे पकड़ने की कोशिश कर रही थी।

# पूर्णिया में अमित साह ने किया रोड़ शो,कहा सीमांचल के सभी सीटों पर एनडीए प्रत्याशी की होगी जीत, विपक्ष का सुफड़ा साफ हो जायेगा

## नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में 160 सीटों पर विजय प्राप्त करेंगे, एनडीए के पक्ष में लहर चल रही हैं!





**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

शुक्रवार कों केंद्रीय गृह मंत्री अमित साह ने पूर्णिया में भाजपा प्रत्याशी विजय खेमका के लिये रोड़ शो किया! इस दौरान साह ने कहा की यह जन सैलाब इस बात का गवाह हैं कि सीमांचल कि सभी सीटों पर एनडीए के प्रत्याशी जीत रहें हैं इस बार सीमांचल कि जनता विपक्ष का सुफड़ा साफ कर देगी! गृह मंत्री अमित साह ने सीमांचल से घुसपैठ कों ख़त्म करने की बात कों फिर से दुहराया उन्होंने कहा की सरकार बननेबके बाद सीमांचल से घुसपैठियों कों चुन चुन का निकाला जायेगा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार में कल कारखाने लगेंगे और बिहार में विकास की रफ़्तार और तेज होगी! एक सवाल के जबाब में अमित साह ने कहा की बिहार में एनडीए की सरकार बनने जा रही हैं हम दो तिहाई बहुमत के साथ बिहार में सरकार बनाएंगे, उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए 160 सीटों पर जीत दर्ज करेंगी, उपस्थित जनता युवा महिलाये और आम वोटर की भीड़ ने यह साबित कर दिया हैं की बिहार में एनडीए के पक्ष में लहर चल रही हैं!

उक्त बातें केंद्रीय गृह मंत्री अमित साह ने पूर्णिया में एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी विजय खेमका के पक्ष में रोड़ शो के दौरान कही! शुक्रवार कों पूर्णिया में अमित साह का तक़रीबन डेढ़ किलोमीटर का रोड़ शो प्रस्तावित था, शहर का मुख्य चौराहा आर एन साह चौक एनडीए गठबंधन के झंडा और बैनर से पटा हुआ था एनडीए कार्यकर्त्ता महिला पुरुष युवा युतियां और आम जनता की भीड़ अमित साह के रोड़ शो कों लेकर बड़ी संख्या में शहर में गृह मंत्री अमित साह के रोड़ शो कों देखने पहुंची थी! भरी भीड़ के बीच पूर्णिया के आर एन साह चौक से बैंड बाजे के साथ अमित साह का काफिला निकला जो कालीबाड़ी चौक, भट्ठा बाजार, खुरू चौक, जिला स्कुल रोड़ होते हुए आस्था मंदिर चौक पहुंचा जहाँ अमित साह के अभिवादन के उपरांत रोड़ शो का समापन हुआ! इस दौरान गृह मंत्री अमित साह के रथ पर पूर्णिया भाजपा प्रत्याशी विजय खेमका, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, भाजपा नेत्री सह उप महापौर पल्लवी गुप्ता भी सवार थीं!

### भरी भीड़ के बीच शहर में चप्पे चप्पे पर सुरक्षाकर्मियों की थी निगाहें

केंद्रीय गृह मंत्री अमित साह के रोड़ शो कों लेकर पूर्णिया शहर का इलाका सुरक्षा किले में तब्दील था! जिन रास्तों से श्री साह का रोड़ शो का काफिला गुजरना था, उस रूट में पुलिस सुरक्षा बल और अन्य सुरक्षा एजेंसियो की निगाहें बांज की तरह सचेत और सतर्क थी, सुरक्षा के कड़े इंतजाम के बीच उत्साह और भीड़ के साथ शांति पूर्ण रूप से रोड़ शो का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ! हालांकि इस दौरान शहर के कुछ मार्गो पर हल्की फुलकी जाम जैसी स्थिति बनी रही लेकिन ट्रैफिक पुलिस और पुलिस के जवानों ने स्थिति कों सरलता पूर्वक संभाला और यातायात व्यवस्था भी सुचारु रूप से चलती रही!

### बाबू वीर कुँअर सिंह कों किया नमन, फिर किया रोड़ शो



पूर्णिया में अमित साह करोड़ शो दोपहर चार बजे से प्रस्तावित था हालांकि थोड़े बिलम्ब से पहुँचे और कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित साह ने बाबू वीर कुँअर सिंह स्मारक गये और बाबू वीर कुँअर सिंह कों श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया, जिसके बाद उन्होंने रोड़ शो का आगाज किया, इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं और आम जनता की भीड़ रोड़ शो में शामिल थी, जिनके जयघोष से वातावरण गुंजयमान होता रहा!

**जगह जगह हुई पुष्प वर्षा, उत्साहित दिखी भीड़** शुक्रवार कों शहर का नजर कुछ बदला बदला था, महिलाएं युतियां और युवा, अलग अलग अंदाज में श्री साह करोड़ शो में शामिल होने पहुँचे थे, बगली समाज की महिलाये शंखनाद कर बगला परम्परा के साथ शुभ और शुभेक्षा, भेंट कर रहीं थी वही युवाओं में उत्साह दिखा, जगह जगह जे सी वी और घरों के छत से पुष्प वर्षा का रोड़ शो कर रहे साह का भव्य स्वागत किया गया!





# आलोक शर्मा ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर उठाए सीमांचल, पुलिस और विकास से जुड़े मुद्दे

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने शुक्रवार को पूर्णिया जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सीमांचल, पुलिस व्यवस्था और राज्य के विकास से जुड़े कई मुद्दों को उठाया।

उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री से सीमांचल क्षेत्र से अवैध घुसपैठ को लेकर कार्रवाई के बारे में जवाब देने का सवाल किया। इसके अलावा उन्होंने राज्य में हत्या और अपराध के आंकड़ों पर भी सवाल खड़े किए। NCRB के आंकड़ों का हवाला देते हुए शर्मा ने कहा कि बिहार में हत्या के मामले चिंताजनक हैं। बालिका गृह कांड का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पीड़ित बच्चियां न्याय की प्रतीक्षा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराध के मामलों में राजनीतिक दृष्टिकोण से कुछ विवादित निर्णय लिए गए हैं। शर्मा ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी बिहार की जीविका दीदियों का वेतन बढ़ाने और उन्हें विकास की मुख्य धारा में लाने की योजना बना रही है। इसके अलावा छात्रों को आधुनिक शिक्षा और तकनीकी उपकरण उपलब्ध कराने की योजना का भी उन्होंने उल्लेख किया।




प्रदेश और जिले के वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी भी प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद रहे। इनमें प्रदेश प्रवक्ता असित नाथ तिवारी, जिला अध्यक्ष बिजेंद्र यादव, प्रदेश प्रवक्ता जयवर्द्धन सिंह, जिला मुख्य प्रवक्ता जवाहर किशोर रिंकू यादव, नीरज यादव, अफरोज आलम, रॉकी ख़ान और जावेद जी शामिल थे।

# गढ़बनैली में तेजस्वी यादव ने कहा "बीस साल नीतीश-एनडीए को दिए, अब बस बीस महीने हमें दीजिये

**न्यूज़ स्केल कसबा**

गढ़बनैली हाईस्कूल का मैदान शुक्रवार को जोश, नारों और उम्मीदों से गूंज उठा, जब राजद नेता और महागठबंधन के प्रमुख चेहरा तेजस्वी यादव ने चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ जनता से अपील की — "बीस साल आपने नीतीश-एनडीए को दिए, अब बस बीस महीने हमें दीजिए, जो उन्होंने नहीं किया, हम कर दिखाएंगे।"

तेजस्वी यादव ने सीमांचल के विकास की कमी पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह इलाका अब भी उपेक्षा का शिकार है। उन्होंने कहा — "यहाँ न अस्पताल है, न रोज़गार, न उद्योग। लोग इलाज के लिए बाहर जाते हैं, पढ़ाई और रोजगार के लिए पलायन करते हैं। आखिर क्यों?"



जनसभा में तेजस्वी यादव ने महागठबंधन का विस्तृत रोडमैप भी प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों में कोई सरकारी नौकरी नहीं है, उस परिवार को एक सरकारी नौकरी दी जाएगी। साथ ही 'माँ–बहन योजना' के तहत 14 जनवरी को हर महिला के खाते में ₹30,000 देने की घोषणा की। उन्होंने ₹500 में गैस सिलेंडर, 200 यूनिट मुफ्त बिजली, तथा वृद्धा, विधवा, विकलांग और लक्ष्मीबाई पेंशन ₹1,500 प्रति माह देने का वादा किया। किसानों के लिए उन्होंने सिंचाई हेतु बिजली मुफ्त करने की भी बात कही।

तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार आज भी गरीबी और बेरोजगारी में सबसे आगे है, प्रति व्यक्ति आय सबसे कम है। उन्होंने जनता से अपील की कि इस बार हिसाब लेने का वक्त आ गया है।

सभा के दौरान उन्होंने मतदाताओं से सजग रहने की अपील करते हुए कहा — "बूथों पर ये लोग गड़बड़ी करते हैं, ईवीएम खराब बताते हैं। आप लोग डटे रहिए, वोट दीजिए और लालटेन जलाइए।" अंत में तेजस्वी यादव ने कहा — "अब बिहार को इलाज नहीं, इलाज करने वाली सरकार चाहिए — और वह सरकार महागठबंधन की होगी।" सभा के समापन पर युवा राजद जिलाध्यक्ष नवीन यादव ने भी जोशपूर्ण शब्दों में कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया।

# एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार खेमका ने चलाया सघन जनसंपर्क अभियान, युवाओं से मतदान में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की,

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया62-पूर्णिया विधानसभा क्षेत्र के एनडीए (भाजपा) प्रत्याशी विजय कुमार खेमका ने शुक्रवार को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। गुलाबबाग, सरदार टोला, शनि मंदिर, विरपुर, सिमलगाछी, मझेली चौक, रामपुर, घोरघट, बेलवा, डलिया घाट, भोगा, भटगामा और महेन्द्रपुर में मतदाताओं से संवाद कर विधायक ने उनका आशीर्वाद और समर्थन मांगा!

इस दौरान उन्होंने युवाओं से मतदान में अधिक से अधिक भाग लेने की अपील की और कहा, "पहले मतदान करें, फिर जलपान करें।" श्री खेमका ने कहा कि घर-घर जाकर मतदाता पर्ची बांटी जा रही है और जनता के स्नेह एवं आशीर्वाद से भारी मतों से जीत मिलेगी।



जनसंपर्क के बाद विधायक देश के गृह मंत्री श्री अमित शाह के भव्य रोड शो में शामिल हुए, जिसमें बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इस अवसर पर श्री खेमका ने कहा, "माननीय गृह मंत्री के रोड शो से पूरा पूर्णिया उत्साह से परिपूर्ण दिख रहा है ।"

विधायक ने आगे कहा कि 8 अक्टूबर शनिवार को भोजपुरी सुपरस्टार और भाजपा नेता पवन सिंह की रंगभूमि मैदान, पूर्णिया में विशाल जनसभा होने जा रही है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे इस जनसभा में बड़ी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद लें और विजय कुमार खेमका को जीत का आशीर्वाद दें।

श्री खेमका ने जनता से अपील करते हुए कहा, "पूर्णिया का सर्वांगिण विकास मेरा संकल्प है। उन्होंने कहा कि आपका आशीर्वाद प्रदेश के विकास को निरंतर आगे बढ़ायेगा और बिहार में विकास कि रफ़्तार कों और गति मिलेगी!

जनसंपर्क अभियान में विधायक के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता पवन भगत, प्रवासी महिला नेत्री श्रीमती मालती गिलवा, श्रीमती अनुपमा झा, मंडल अध्यक्ष मनोज गोस्वामी, पंचायत समिति सदस्य अर्जुन कुमार मंडल, डॉ. मनोज साह, ज्योतिष ठाकुर, डब्बू भगत, जय किशन साह, मंगल पोद्दार, पिंकू विश्वास और कन्हैया पोद्दार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

# कसबा में एनडीए समर्थित लोजपा आर प्रत्याशी नितेश सिंह ने क्षेत्रवासियों से क्षेत्रीय विकास कों लेकर किया संवाद

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

कसबा विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को चुनावी गतिविधियाँ जोर-शोर से जारी रहीं। क्षेत्र के विभिन्न इलाकों और पंचायतों में एनडीए समर्थित लोजपा आर उम्मीदवार नितेश कुमार सिंह ने मतदाताओं से क्षेत्रीय विकास कों लेकर संवाद किया। जन सम्पर्क अभियानबके दौरान हर वर्ग और उम्र के लोग, बुजुर्ग, महिलाएं और युवा, उम्मीदवार से नितेश सिंह ने मुलाक़ात की अपनी बात साझा की और विकास के नाम पर समर्थन मांगा! श्री सिंह ने बताया कि कसबा विधानसभा क्षेत्र के कई हिस्सों में जन सम्पर्क अभियान चलाया गया इस दौरान क्षेत्र के विकास से संबंधी मुद्दे पर चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने अपने समर्थकों के साथ कसबा ग्रामीण के बथना चौक से बनैली बाजार, गुरही राजवंशी टोला, घोड़दौड़ सराउचिया से घरबनेली बाजार तक पदयात्रा की। इसके बाद कसबा नगर में मदरसा चौक, मेन रोड, तीन पनिया, हनुमान चौक, महावीर चौक और तमनगंज होते हुए जवानपुर तक का दौरा किया। इसके अतिरिक्त प्रेम नगर, सिंघिया, श्रीनगर, दमहिली, बालू टोला और वार्ड संख्या 18 में स्थानीय लोगों से संवाद किया गया।



# पूर्णिया में विधानसभा चुनाव की तैयारियों का हुआ व्यापक मूल्यांकन — डीएम अंशुल कुमार ने दिए सख्त निर्देश

## सभी कोषांगों की समीक्षा बैठक में चुनाव तैयारी की हुई गहन पड़ताल,डीएम ने कहा—निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता में महानंदा सभागार, पूर्णिया में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी, वरीय अधिकारी एवं सभी निर्वाची पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन** : कार्य की संपूर्ण प्रगति की कोषांगवार समीक्षा की। उन्होंने क्रमशः



ईवीएम कोषांग, बैलट पेपर/पोस्टल बैलेट कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, कम्युनिकेशन कोषांग, एआरओ स्तर पर नियंत्रण कक्ष, सभी बूथों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था, वाहन कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, बूथों पर आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता, मीडिया और सोशल मीडिया से संबंधित कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

**किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी: डीएम** : जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त




नहीं की जाएगी। सभी बूथों पर आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता और वेबकास्टिंग व्यवस्था को समय पर पूरी तरह क्रियान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी संबंधित निर्वाची पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि डिस्पैच सेंटर की तैयारी कल तक हर हाल में पूरी कर ली जाए, ताकि मतदान दलों के प्रस्थान में किसी प्रकार की बाधा न हो।

**सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण हों**

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी रेखांकित किया कि प्रशिक्षण से लेकर मतदान दिवस तक की सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण हों। उन्होंने सभी कोषांग प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्रों में फील्ड विजिट कर वास्तविक प्रगति की समीक्षा करें और किसी भी समस्या की जानकारी तत्काल नियंत्रण कक्ष को दें। पूर्णिया जिला प्रशासन द्वारा इस बैठक को चुनावी तैयारियों की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस समीक्षा के बाद निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सभी विभागों को अपने कार्यों में और अधिक गति लाने के निर्देश दिए गए हैं।

**निष्पक्षता और पारदर्शिता जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता** : डीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी कार्य भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और निर्धारित एसओपी (SOP) के अनुरूप ही संचालित किए जाएं। उन्होंने कहा कि चुनाव की निष्पक्षता और पारदर्शिता जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए हर अधिकारी को अपने दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी और सजगता के साथ करना होगा।

» सभी कोषांगों की प्रगति रिपोर्ट पर हुई विस्तृत चर्चा

» 2 बूथों पर आधारभूत सुविधाएं और वेबकास्टिंग व्यवस्था पर विशेष फोकस

» 3 डिस्पैच सेंटर कल तक तैयार करने का आदेश

» 4 आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य का निर्देश

# परिवर्तन होने पर हर घर के एक युवा को नौकरी तेजस्वी यादव

**न्यूज़ स्केल धमदाहा**

बिहार में सत्ता परिवर्तन होने और राजद के सत्ता में आने पर बिहार के प्रत्येक परिवार के एक युवा को सरकारी नौकरी दी जाएगी।उक्त बाते तेजस्वी यादव ने कही ।श्री यादव शुक्रवार सात नवंबर को धमदाहा में राजद द्वारा आयोजित चुनावी सभा में कही।धमदाहा हाइस्कूल मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि साथ ही प्रत्येक परिवार को दो सौ यूनिट बिजली भी फ्री दी जाएगी तथा माय बहिन योजना के तहत महिलाओं



को पच्चीस सौ प्रत्येक महीने दी जाएगी।उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है।जनवितरण में कमीशनखोरी जारी है।उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के मतदान में अस्सी प्रतिशत मतदान राजेडी के पक्ष में हुआ है।उन्होंने सभा में उपस्थित जन समूह को राजद के पक्ष में मतदान कर बहुमत देने काआह्वान किया।सभा को वर्तमान सांसद पप्पू यादव,आई पी गुप्ता,सीमा कुशवाहा,प्रवक्ता प्रियंका भारती और संतोष कुशवाहा आदि ने संबोधित किया।प्रियंका भारती ने वर्तमान सरकार को दलित,अति पिछड़ा विरोधी तथा ततमा का आरक्षण छीनने का आरोप लगाया।और सरकार को सामंती कहते हुए इसे उखाड़ फेंकने की अपील की।

# बनमनखी-धमदाहा सीमा पर 9 नवम्बर को सांसद पप्पू यादव की जनसभा

**न्यूज़ स्केल, बड़हरा कोठी।**

पूर्णिया जिले के निपनिया पंचायत अंतर्गत मंगुरजान पवन चौक स्थित संजय यादव के निजी मैदान में आगामी 9 नवम्बर 2025 को एक जनसभा आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम में पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे।

यह जनसभा बनमनखी एवं धमदाहा विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले मतदाताओं के साथ संवाद और जनसंपर्क के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम की जानकारी सांसद के वरिष्ठ सहयोगी एवं पूर्व सरपंच चंद्रभानु यादव



उर्फ लड्डू यादव ने दी। उन्होंने बताया कि जनसभा की तैयारियां की जा रही हैं तथा आयोजन को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए स्थानीय स्तर पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।सभा की तैयारी में मिथलेश सिंह, मंगल यादव, पूर्व उपमुखिया मो. निजाम, समिति सदस्य अवधेश मंडल, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी अशोक यादव, सुभाष यादव, वरिष्ठ नागरिक इंदु यादव एवं मनिलाल दास सक्रिय रूप से समन्वय कर रहे हैं।

# पूर्णिया में मतदाता जागरूकता अभियान, 11 नवंबर को मतदान का आह्वान



**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया, 07/11/2025। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल कुमार के दिशा निर्देश में बनमनखी-59 विधानसभा क्षेत्र के LOW VTR बूथ संख्या 215 एवं 216 पर मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। संबंधित अधिकारियों ने स्वीप गतिविधियों के तहत मध्य विद्यालय रामजानी में जागरूकता रैली, डोर-टू-डोर भ्रमण एवं मेहेदी कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस दौरान सभी योग्य मतदाताओं को 11 नवंबर, 2025 को अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि लोकतंत्र में देश की ताकत और गर्व का प्रतीक है।

जागरूकता कार्यक्रम में स्थानीय लोग उत्साहपूर्वक शामिल हुए और उन्होंने मतदान के महत्व को समझते हुए आने वाले चुनाव में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। इस अभियान का उद्देश्य मतदान प्रतिशत बढ़ाना और लोकतंत्र को मजबूत बनाना है।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जीविका दीदियों ने दिलाई शपथ, किया संवाद कार्यक्रम

**न्यूज़ स्केल रुपौली**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियाँ लगातार जारी हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों द्वारा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इसी क्रम में शुक्रवार को डीपीएम जीविका के नेतृत्व में बनमनखी प्रखंड के रूपौली उत्तर पंचायत स्थित



रूपौली गोथ ग्राम के बूथ संख्या 204 एवं 205 पर ममता CLF, लाडली और महारानी ग्राम संगठन की दीदियों ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर शपथ ग्रहण, संवाद एवं नारा लेखन के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के महत्व और जिम्मेदारी की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में जीविका दीदियों ने उपस्थित ग्रामीणों से अपील की कि 11 नवम्बर 2025 को अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुँचकर शत-प्रतिशत मतदान करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। सभी ने सामूहिक रूप से शपथ ली — "हम सभी मतदान करेंगे, दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।"

# पूर्णिया-62 विधानसभा क्षेत्र में सेविकाओं ने बूथ रैली और शपथ ग्रहण का आयोजन कर मतदान जागरूकता बढ़ाई

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र पूर्णिया-62 विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार, भा.प्र.से. के निर्देश पर सेविकाओं ने क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर रैली आयोजित कर मतदाताओं को 11 नवंबर को अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

इस अभियान के तहत बूथ संख्या 177, 176,



175, 174, 184, 216 और 218 में सेविकाओं द्वारा शपथ ग्रहण कार्यक्रम और रैली का आयोजन किया गया। रैली के दौरान सेविकाओं ने मतदाताओं को मतदान के महत्व, लोकतंत्र में उनकी भागीदारी और अपने मताधिकार का सही उपयोग करने के संदेश दिए। सेविकाओं ने विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं को मतदान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता का योगदान लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल कुमार ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से मतदाताओं में जागरूकता बढ़ती है और सभी योग्य मतदाता अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों और सेविकाओं को इस अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए धन्यवाद भी दिया।

इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि 11 नवंबर 2025 को सभी मतदाता अपने मतदान केंद्रों पर पहुँचें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें।

# बड़ी सिसवा में घर के ढाठ को लेकर विवाद, दोनों पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोग जख्मी



**न्यूज़ स्केल रुपौली**

टीकापट्टी थाना क्षेत्र के गौरियर पश्चिम पंचायत के बड़ी सिसवा गांव वार्ड नंबर 9 में घर के ठाठ चढ़ने को लेकर दो पक्षों में आपसी विवाद हो गया। इस झड़प में दोनों ओर से आधा दर्जन से अधिक लोग जख्मी हुए।

स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायल को रुपौली रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। इस दौरान दो गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए पूर्णिया मेडिकल कॉलेज भेजा गया। घायल में निकेत कुमार और नवोदी कुमार (पिताः कृष्ण मोहन चौधरी) बड़ी सिसवा गांव के निवासी शामिल हैं। वहीं कृष्ण मोहन चौधरी और धनंजय कुमार को भी बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

दूसरे पक्ष के मनोज चौधरी की ओर से भी कुछ लोग घायल हुए हैं। टिकापट्टी थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हो चुके हैं और आवश्यक विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# धमदाहा और बनमनखी में शराब माफियाओं पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, लाखों की शराब बरामद, 3 गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल धमदाहा**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश पर मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग, पूर्णिया ने शराब निर्माण, बिक्री, भंडारण और परिवहन पर सख्त कार्रवाई तेज कर दी है।

धमदाहा मद्यनिषेध थाना की टीम ने बनमनखी थाना क्षेत्र के नितीशनगर वार्ड नं0 18 में छापेमारी कर कुल 499.320 लीटर विदेशी शराब बरामद की। इस कार्रवाई में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। जप्त शराब का




अनुमानित मूल्य लगभग 6 लाख रुपये बताया गया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को धमदाहा थाना क्षेत्र के अंडी टोला से टीम ने 9 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में शराब ढोने के लिए उपयोग की गई मोटर साइकिल भी जप्त की गई। बरामद शराब का अनुमानित मूल्य लगभग 2,700 रुपये है।

पुलिस अधिकारीयों ने बताया कि चुनावी माहौल में शराब माफियाओं पर लगातार कार्रवाई की जा रही है ताकि विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके।

# पूर्णिया में मद्यनिषेध विभाग ने विदेशी शराब की बड़ी बरामदगी, चार कों किया गिरफ्तार

## सदर थाना की छापेमारी में मरंगा के स्टोरेज प्वाइंट से 32 लीटर विदेशी शराब जब्त

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग, पूर्णिया द्वारा शराब तस्करों पर सख्त कार्रवाई जारी है।

इस क्रम में सदर मद्यनिषेध थाना की टीम ने शुक्रवार को मरंगा थाना क्षेत्र के सतकोदरिया में एक करकट शीट से बने घर (स्टोरेज प्वाइंट) पर छापेमारी की। इस कार्रवाई में कुल 32.250 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। मौके पर चार व्यक्तियों को गिरफ्तार



किया गया। जप्त शराब का अनुमानित मूल्य लगभग 39,000 रुपये अंका गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है। मद्यनिषेध टीम ने स्टोरेज प्वाइंट को सीलबंद कर दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अधिकारीयों ने कहा कि चुनाव के दौरान शराब तस्करी पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और ऐसे किसी भी मामले को गंभीरता से लिया जाएगा।

# पूर्णिया में निर्वाचन कार्य से जुड़ी एजेंसियों की बैठक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दिए आवश्यक निर्देश

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां तेज़ हो गई हैं। शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता में महानंदा सभागार, पूर्णिया में चुनाव कार्य से जुड़ी चयनित एजेंसियों एवं फर्मों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपस्थित सभी चयनित एजेंसियों और फर्म प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि चुनाव प्रक्रिया में प्रयुक्त होने वाली सभी सामग्रियों एवं सेवाओं की आपूर्ति पूरी गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा




कि निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या विलंब अस्वीकार्य होगा।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक एजेंसी अपने कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाए और आवश्यक संसाधन एवं उपकरणों की उपलब्धता पूर्व निर्धारित समयसीमा के भीतर सुनिश्चित करे। साथ ही, सभी आपूर्ति की गुणवत्ता पर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा सतत निगरानी रखी जाएगी।

बैठक के दौरान संबंधित कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों ने भी उपस्थित प्रतिनिधियों को अपने-अपने दायित्वों के संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता स्वच्छ, पारदर्शी और व्यवस्थित निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित करना है, जिसके लिए सभी एजेंसियों का समन्वित प्रयास आवश्यक है।

## पूर्णिया में विधानसभा चुनाव 2025 के लिए ईवीएम और वीवीपैट की कमीशनिंग पूरी

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के तहत पूर्णिया जिले में ईवीएम (Electronic Voting Machine) और वीवीपैट (Voter Verifiable Paper Audit Trail) की कमीशनिंग पूरी कर ली गई है। यह प्रक्रिया सभी विधानसभा क्षेत्रों में संबंधित निर्वाचक पदाधिकारी की देख-रेख में संपन्न हुई।

निर्वाचक पदाधिकारी के निर्देशानुसार, चुनाव लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत रूप से या अपने



नामित प्रतिनिधियों के माध्यम से इस प्रक्रिया में उपस्थित होने और मशीनों की देख-रेख करने के लिए लिखित रूप से सुचित किया गया।

कमीशनिंग प्रक्रिया में प्रत्येक मशीन का परीक्षण किया गया। बीयू (Ballot Unit) में बैलेट पेपर लगाए गए, सीयू (Control Unit) में अभ्यर्थियों का सेटिंग किया गया और वीवीपैट में उम्मीदवारों के प्रतीक लोड किए गए। सभी मशीनों को आयोग के दिशा-निर्देश के अनुसार एड्रेस टैग और पिंक पेपर सील से सुरक्षित किया गया।

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कमीशनिंग का विवरण इस प्रकार रहा:

62-पूर्णिया, 57-बायसी, 58-कसबाः 01 से 06/07 नवंबर तक, कमीशनिंग स्थलः बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, क्षेत्रीय कार्यालय भवन, जिला स्कूल पूर्णिया।

59-बनमनखी, 60-रूपौली, 61-धमदाहा, 56-अमौरः 01 से 06/07 नवंबर तक, कमीशनिंग स्थलः पूर्णिया कॉलेज, पूर्णिया।

कमीशनिंग के बाद, सभी मशीनों में 5% मशीनों का रैंडमली चयन कर 1000 वोट डाले गए और उनके इलेक्ट्रॉनिक रिजल्ट तथा वीवीपैट पर्चियों की गिनती कर सत्यापन किया गया।

संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सभी ईवीएम और वीवीपैट को स्ट्रॉगरूम में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सुरक्षा और भंडारण प्रोटोकॉल के अनुसार सुरक्षित रखा गया। मतदान दिवस पर मशीनों का वितरण अभ्यर्थियों की उपस्थिति में वीडियोग्राफी के माध्यम से किया जाएगा और मशीनें मतदान केंद्रों पर भेजी जाएंगी।

इससे पहले आयोग के मैनुअल ऑन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट के अनुसार पूरी प्रक्रिया को सावधानीपूर्वक संपन्न किया गया, जो आयोग की वेबसाइट eci.gov.in पर उपलब्ध है।

## कसबा में जीविका के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**न्यूज स्केल कसबा (पूर्णिया)**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र जिले में मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों के तहत विभागीय अधिकारियों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।




इसी क्रम में शुक्रवार को डीपीएम जीविका के नेतृत्व में कसबा प्रखंड के बनेली पंचायत, नवादा बनेली ग्राम अंतर्गत बूथ संख्या 204 एवं 205 पर संस्कार CLF एवं महादेव ग्राम संगठन के सहयोग से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जीविका दीदीयों ने शपथ ग्रहण, संवाद, रंगोली निर्माण एवं मतदान थीम पर सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को मतदान के महत्व एवं जिम्मेदारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है और प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करे। मौके पर उपस्थित जीविका दीदीयों ने लोगों से अपील की कि वे आगामी 11 नवंबर 2025 को अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर शत-प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं।

## अमौर विधानसभा क्षेत्र में विकास को लेकर कांग्रेस का संकल्प कार्यक्रम आयोजित

**न्यूज स्केल बैसा (पूर्णिया)**

अमौर विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को बोलान हाट के मैदान में कांग्रेस की ओर से एक जनसंवाद एवं संकल्प सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने भाग लिया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए अमौर क्षेत्र में शिक्षा, रोजगार, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर बल दिया।

सभा में सांसद ने कहा कि सीमांचल क्षेत्र की तरक्की के लिए शिक्षा संस्थानों का विस्तार और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा



कि अमौर में डिग्री कॉलेज की स्थापना, भ्रष्टाचार पर अंकुश और युवाओं को कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने की दिशा में ठोस पहल की जरूरत है।

सभा के दौरान उन्होंने युवाओं से समाज में सद्भाव, भाईचारा और विकास की भावना के साथ लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी दलों को सीमांचल के विकास के लिए मिलकर कार्य करना चाहिए ताकि क्षेत्र की समस्याओं का स्थायी समाधान हो सके।

इस अवसर पर क्षेत्र के कई स्थानीय प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें मुजफ्फर गुर्जर, डॉ. सोएब अख्तर, पूर्व प्रमुख प्रवेज आलम, महफूज आलम, अबु शायम, गुलाम रब्बानी हरिपुरी, बिरेन्द्र झा, पूर्व मुखिया आसिफ, शमसाद आलम, इकबाल, हैदर आलम, संजीर आलम, अब्दुल, शमीम आलम, जाहिद आलम, मिन्हाज आलम, मजहर आलम, जमशेद आलम, शाहनवाज़ आलम और फिरदोश आलम सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।

## अमौर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**न्यूज स्केल अमौर (पूर्णिया)**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत अमौर-56 विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या-127, मध्य विद्यालय बनकोरा में मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक का मंचन कर स्थानीय योग्य मतदाताओं को चुनाव प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं को दिनांक 11 नवम्बर 2025 को अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया।

नुक्कड़ नाटक में मतदान के महत्व, लोकतंत्र में हर मतदाता की भूमिका और सही तरीके से वोट डालने की प्रक्रिया को दर्शाया गया। उपस्थित लोगों ने इस प्रकार की गतिविधियों को सराहा और कहा कि यह जनता में जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के दिशा-निर्देश में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता सहभागिता बढ़ाना और चुनाव को सफल व निष्पक्ष बनाना है।

## हमारी कोशिश है कि पूर्णिया में नवनिर्माण, बेहतर शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ें : जितेंद्र यादव

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया सदर विधानसभा क्षेत्र (संख्या 62) से महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जितेंद्र यादव ने शुक्रवार को क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण इलाकों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने लोगों से मतदान करने की अपील की और विभिन्न स्थानों पर बैठकें कर स्थानीय नागरिकों




व बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव को लेकर जनता में उत्साह और उमंग दिखाई दे रही है। उन्होंने बताया कि महागठबंधन के शीर्ष नेतृत्व की जनसभाओं से जनता में विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि लोग महागठबंधन की योजनाओं और उनके सामाजिक व विकास संबंधी एजेंडे से जुड़ाव महसूस कर रहे हैं।

जितेंद्र यादव के साथ क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता, नगर निगम की महापौर विभा कुमारी, वार्ड पार्षद, पंचायत मुखिया और अन्य स्थानीय प्रतिनिधि भी प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। जनता से मतदान की अपील के साथ-साथ उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है।

कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा, "अब समय आ गया है उस व्यवस्था को बदलने का जिसने युवाओं को सिर्फ वादे दिए और रोजगार नहीं दिया। हमारी कोशिश है कि पूर्णिया में नवनिर्माण, बेहतर शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ें।" उन्होंने यह भी कहा कि इस क्षेत्र की पुरानी समस्याओं जैसे सड़क, नाली, शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान दिया जाएगा।

स्थानीय नागरिकों ने भी विकास, शिक्षा, रोजगार और अमन-चैन के लिए नई सोच और बदलाव की आवश्यकता जताई। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में क्षेत्र में विकास और जिम्मेदार नेतृत्व दिखाई देगा।

## कन्या माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता झांकी



**न्यूज स्केल हरदा (पूर्णिया)**

पूर्णिया के कृत्यानंद नगर प्रखंड स्थित कन्या मध्य विद्यालय मजरा परिसर में एक विशेष मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड के बीसीएम कंचन कुमारी के नेतृत्व में स्कूली छात्राओं ने मतदाता जागरूकता को लेकर स्लोगन और नारे के साथ रंगीन झांकियां प्रस्तुत कीं। विद्यालय की प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार, अभिषेक कुमार और अन्य शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में छात्राओं ने बड़ी उत्साहपूर्ण ढंग से मतदाता बनने के महत्व और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश आम लोगों तक पहुँचाया। झांकियों में मतदान के लाभ और लोकतंत्र में भागीदारी की अहमियत को दर्शाया गया। इस आयोजन से न केवल छात्राओं में जागरूकता बढ़ी बल्कि स्थानीय लोगों को भी मतदान के प्रति संवेदनशील बनाने में मदद मिली। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

## मतदान ड्यूटी से लौट रहे शिक्षक पर लूटपाट, चाकू मारकर घायल

**न्यूज स्केल, बड़हरा कोठी।**

रघुवंशनगर थाना क्षेत्र में गुरुवार की शाम अपराधियों ने मतदान ड्यूटी से लौट रहे एक शिक्षक पर हमला कर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हनुमाननगर वार्ड संख्या 13 निवासी मनोज कुमार भारती, पिता दशरथ रजक, जो उत्क्रमित मध्य विद्यालय भवानंदपुर (उदाकिशुनगंज, जिला मधेपुरा) में शिक्षक हैं, बिहारीगंज उच्च विद्यालय में विधानसभा चुनाव में मतदान कार्य संपन्न कराने के बाद अपने घर लौट रहे थे।

जब वे परबत्ता मुसहरी के समीप पहुंचे, तभी सड़क पर घात लगाए तीन अज्ञात अपराधियों ने उनकी मोटरसाइकिल रोक ली और उन पर हमला कर दिया। झड़प के दौरान एक अपराधी ने शिक्षक के बाएँ गाल पर चाकू से वार कर दिया, जिससे वे बेहोश हो गए। अपराधी उनके पास से लगभग तीन हजार रुपये नकद, मोबाइल फोन



और आवश्यक कागजात लूटकर फरार हो गए। कुछ देर बाद होश आने पर शिक्षक किसी तरह घर पहुँचे और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने उन्हें लेकर रघुवंशनगर थाना पहुँचकर शिकायत दर्ज कराई।

इस संबंध में थानाध्यक्ष शिशुपाल कुमार ने बताया कि कांड संख्या 127/25 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि अपराधियों की पहचान कर जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

## कसबा विधानसभा में चुनावी रैलियों का जोर, सपा सांसद इकरा हसन ने किया सम्बोधित

**न्यूज स्केल कसबा**

शुक्रवार को कसबा विधानसभा क्षेत्र के बनेली मैदान में महागठबंधन की ओर से कांग्रेस प्रत्याशी मो. इरफान आलम के समर्थन में चुनावी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। सभा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए।

सभा कों सपा की युवा सांसद इकरा हसन ने सम्बोधित किया । उन्होंने मंच से कहा कि कसबा की जनता बदलाव चाहती है उन्होंने कहा कि आप ऐसे उम्मीदवार कों चुने जो गरीब मजलूम कि आवाज कों , किसान और युवाओं की आवाज़ कों विधानसभा में पहुँचाने का प्रयास करें ।



उन्होंने महागठबंधन के चुनावी एजेंडे को जनता के बीच मजबूती से रखा और कहा कि यह चुनाव केवल किसी व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि विचार और दिशा के लिए है। इकरा हसन ने यह भी कहा कि पिछले बीस वर्षों में जो विकास केवल पोस्टर पर दिखा, उसे अब जमीनी हकीकत में बदलने की आवश्यकता है।

सभा स्थल पर मौजूद भीड़ ने कांग्रेस प्रत्याशी और महागठबंधन के समर्थन में नारों के साथ सहभागिता दिखाई। महिलाओं और युवाओं की भी अच्छी संख्या में मौजूदगी रही।

# बिहार में महागठबंधन की सरकार बनी तो शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर विशेष जोर दिया जाएगा : राहुल गांधी

**भागलपुर,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से पहले चुनाव प्रचार चरम पर है। तमाम दलों के नेता रैलियों और जनसभाओं के जरिए मतदाताओं को लुभाने में जुटे हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से महागठबंधन उम्मीदवारों के लिए समर्थन मांगा।



भागलपुर की जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर विशेष बल दिया जाएगा। यह सरकार गरीब, पिछड़े, अति पिछड़े, किसान, मजदूर और युवाओं की होगी।
राहुल गांधी ने कहा कि बिहार के नालांदा विश्वविद्यालय का प्राचीन गौरव लौटाया जाएगा। इसे विकसित किया जाएगा। यहां पूर्व की तरह विदेशों से लोग शिक्षा ग्रहण करने आएंगे।
राहुल गांधी ने कहा कि बिहार के बुनकरों और मखाना किसान के लिए बाजार और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी, ताकि उनको उनके उत्पाद का उचित कीमत मिल सके।
राहुल गांधी ने यहां एक बार फिर से वोट चोरी का मुद्दा उठाया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) वोट चोरी का प्लान पूरे देश में लागू करना चाहती है। इन्होंने हरियाणा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र में यही काम किया है। अब ये यही काम बिहार में करने की कोशिश कर रहे हैं।
भाजपा पर हमला करते हुए राहुल गांधी ने दावा किया कि उनके कई नेताओं ने गुरुवार को बिहार में वोट दिया, उन्हीं नेताओं ने दिल्ली चुनाव में भी वोट दिया था। एक तरफ भाजपा नेताओं को एक से ज्यादा वोट देने दिया जा रहा है, वहीं, दूसरी तरफ उनके वोट काटे जाते हैं, जो कांग्रेस या महागठबंधन को वोट देते हैं।राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में भी फर्जी वोटर लिस्ट आएगी और भाजपा के लोग फर्जी वोट डालने की कोशिश करेंगे, लेकिन बिहार की जनता ऐसा नहीं होने देगी, वो पोलिंग बूथ पर खड़ी होकर वोट चोरी रोकेगी।
राहुल गांधी ने कहा कि हमारे संविधान में हिंदुस्तान की जनता की आवाज है, लेकिन भाजपा के लोग अमीरों की मदद करने के लिए, जनता का धन लूटने के लिए और संविधान को कुचलने के लिए वोट चोरी करते हैं।
भागलपुर की जनता से उन्होंने कहा, मैं बस यही कहना चाहता हूं, भाजपा और चुनाव आयोग के लोग बिहार की जनता के बारे में नहीं जानते हैं। बिहार की जनता यहां किसी कीमत पर वोट चोरी नहीं होने देगी।"
अंत में राहुल गांधी ने जनसभा में मौजूद लोगों से महागठबंधन के प्रत्याशी को जिताने की अपील की। इस दौरान मंच पर भागलपुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा, कहलगांव विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीण सिंह कुशवाहा, ललन यादव सहित अन्य महागठबंधन के नेता मौजूद थे।

# विधानसभा चुनाव तैयारी को लेकर सभी कोषांग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

**अररिया,** (हि.स.)।
बिहार विधानसभा चुनाव के अंतर्गत द्वितीय चरण में होने वाले मतदान को लेकर सभी स्तरों पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी अनिल कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित आत्मन सभागार में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।




बैठक में सभी निर्वाचन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सहित विभिन्न दायित्वों से जुड़े नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करना था कि मतदान दिवस के पूर्व सभी आवश्यक तैयारियों को ससमय सम्पन्न कराया जा सके।
बैठक में मतदान कर्मियों की प्रतिनियुक्ति, वाहनों की व्यवस्था, ईवीएम और वीवीपैट रेंडमाइजेशन, कम्युनिकेशन प्लान, आवश्यक प्रशिक्षण कार्यक्रम, सामग्री प्रेषण एवं नियंत्रण कक्ष की कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की गई।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी स्तरों की तैयारी समयबद्ध तरीके से पूरी की जाये तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सभी नोडल पदाधिकारी अपने-अपने कार्य क्षेत्र की नियमित मॉनिटरिंग करें और एक दूसरे से समन्वय स्थापित कर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करें।
बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों पर आवश्यक पेयजल, प्रकाश, शौचालय एवं रैंप जैसी व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाये।
बैठक में वरीय प्रभारी निर्वाचन सह अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण अजय कुमार ठाकुर, अपर समाहर्ता आपदा नवनील कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी सहित सभी निर्वाची पदाधिकारी एवं संबंधित कोषांग के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# नेशनल हाइवे पर चेक पोस्ट के समीप सड़क दुर्घटना, एक युवक की मौत, लोगों ने किया सड़क जाम

**न्यूज़ स्केल हरदा**

मरंगा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय उच्च मार्ग 31 पर गुरुवार की शाम खिरहरी चौक के समीप बने चेक पोस्ट पर एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक मोटरसाइकिल सवार था और उसकी पहचान समचार संकलन तक नहीं हो पाई थी ।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम लगभग 6 बजे मृतक युवक अपनी मोटरसाइकिल (नंबर जे एच 17 ए ई 4211) से पूर्णिया से गेड़ाबाड़ी की ओर जा रहा था। इसी दौरान चेक पोस्ट के पास पीछे से एक ट्रक (नंबर सी जी 04 पी ई 6848) ने मोटरसाइकिल को ठोकर मार दी। हादसे के बाद युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।स्थानीय लोगों ने घटना के विरोध में लगभग एक घंटे तक सड़क जाम कर दिया। सूचना मिलने पर मरंगा थानाध्यक्ष रूपक रंजन सिंह अपने सदल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच, पूर्णिया भेजा। इसके साथ ही उन्होंने सड़क जाम को भी हटवाया।थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है और मामले की जांच जारी है।

# अररिया में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित

**अररिया,** (हि.स.)।
जिले के सभी कार्यालयों एवं विद्यालयों में "वंदे मातरम्" के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
इस क्रम में विभागीय दिशा निर्देश के अनुपालन में समाहरणालय अररिया, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मध्याह्न भोजन योजना) सहित सभी कार्यालयों एवं विद्यालयों में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन सुनिश्चित कराया गया तथा कार्यक्रम की फोटो एवं वीडियो वेबसाइट



vandemataram150.in पर अपलोड भी किया गया।
जिला अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुसियारगाँव में जिला शिक्षा पदाधिकारी अररिया श्री संजय कुमार की उपस्थिति में वन्दे मातरम् सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के साथ गायक अमर आनंद एवं प्रिया राज ने वन्दे मातरम् का गायन किया। मौके पर जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी अररिया श्री सान्याल कुमार भी उपास्थि थे।
मध्याह्न भोजन योजना कार्यालय, अररिया में भी वंदे मातरम् का सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर रोहित कुमार चौरसिया, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अररिया, सरोज कुमार तिवारी, जिला समन्वयक, राजन कुमार, लेखापाल, चंदन कुमार दास, पप्पू कुमार यादव, रंधीर कुमार वर्मा, सदानंद पासवान, मनोज कुमार भारती, भुनेश्वर प्रसाद सिंह, उमेश चौधरी, पंकज वर्मा, गणेश रजक, गोपीचंद यादव सहित अन्य प्रखंड साधनसेवियों ने भाग लिया।

# कटिहार रेलमंडल में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर भव्य समारोह

**कटिहार,** (हि.स.)।
कटिहार रेलवे रेलमंडल में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया।
इस अवसर पर डीआरएम किरेंद्र नराह की अध्यक्षता में शुक्रवार को स्थानीय रेलवे मैदान में सामूहिक गायन और राष्ट्रभक्ति का उत्साह के साथ एक भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ।
कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक वंदे मातरम गायन से हुई। इस अवसर पर बड़ी



संख्या में लोग उपस्थित थे जिन्होंने राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत होकर गीत का आनंद लिया। वंदे मातरम के गायन के बाद उपस्थित लोगों ने जोरदार ढंग से भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे भी लगाए।
इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन लाइव प्रसारित किया गया, साथ ही प्रधानमंत्री का संदेश सुनने के लिए भी बड़ी संख्या में लोग जमा हुए और पूरी तन्मयता से उन्होंने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। कार्यक्रम के दौरान उत्साह और जोश का माहौल बना रहा।
कटिहार रेलमंडल के मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नराह ने बताया कि भारतीय रेल और वंदे मातरम का 150 साल का सफर एक साथ रहा है।
रेलवे बोर्ड के निर्देश पर इस उपलक्ष्य में पूरे कटिहार रेलमंडल अंतर्गत सभी रेलवे स्टेशनों पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।
उन्होंने कहा कि रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी इस अवसर पर वंदे मातरम के महत्व को जनता तक पहुंचा रहे हैं और लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना को बढ़ावा दे रहे हैं।

# धूमधाम से मनाया गया एनटीपीसी कहलगाँव क 51वाँ स्थापना दिवस

**भागलपुर ,** (हि.स.)।
एनटीपीसी कहलगाँव में शुक्रवार को 51वाँ स्थापना दिवस बड़े उत्साह और औपचारिकता के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह प्रशासनिक भवन प्रांगण में आयोजित किया गया, जहाँ परियोजना प्रमुख रवीन्द्र पटेल ने एनटीपीसी ध्वज का ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद एनटीपीसी संगठन गीत का सामूहिक गायन हुआ और सीआईएसएफ जवानों ने अनुशासित ध्वज सलामी प्रस्तुत की, जिसने कार्यक्रम स्थल पर अनुशासन, ऊर्जा और देशभक्ति का माहौल उत्पन्न किया।




परियोजना प्रमुख ने अधिकारियों और कर्मचारियों को नवाचार, दक्षता और समर्पण के साथ संगठन की प्रगति में योगदान देने का आह्वान किया। स्थापना दिवस पर वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों, यूनियन और एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को स्मृति-चिह्न प्रदान किए गए, साथ ही केक काटा गया और बैलून रिलीज़ कर उत्सव का माहौल और भी जीवंत बनाया गया।
नई दिल्ली के कॉरपोरेट केंद्र में केंद्रीय स्थापना दिवस समारोह का सीधा प्रसारण भी कर्मचारियों ने देखा। संपूर्ण टाउनशिप और संयंत्र क्षेत्र को राष्ट्रीय रंगों से सजाया गया, जिससे पूरे परिसर में उत्सव और एकता का वातावरण बना। इसी क्रम में दीप्ति सरोवर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, उनके परिजन और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान 1000 फलदार पौधे रोपे गए, जो पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं।
यह कार्यक्रम संगठन की उपलब्धियों, सामाजिक उत्तरदायित्व और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति उसके निरंतर योगदान का प्रेरक उदाहरण बना।

# वंदे मातरम्" के 150 वर्ष पूर्ण होने पर समाहरणालय परिसर में सामूहिक गायन

## मतदाता शपथ एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अररिया,** (हि.स.)।
समाहरणालय परिसर, किशनगंज में राष्ट्रगीत "वंदे मातरम्" के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी श्री विशाल राज सहित समाहरणालय के विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारी एवं कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।
कार्यक्रम की शुरुआत "वंदे मातरम्" के सामूहिक गायन से हुई, जिसमें जिला पदाधिकारी श्री विशाल राज के साथ साथ सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी की उपस्थित ने एक स्वर में राष्ट्रगीत गाकर देशभक्ति की भावना का उत्साहपूर्वक प्रदर्शन किया।





इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्री विशाल राज ने कहा कि "वंदे मातरम्" का सामूहिक गायन कर इस ऐतिहासिक गीत को सेलीब्रेट करना अत्यंत हर्ष का विषय है। यह गीत हमारे देश और राष्ट्र के प्रति हमारी गहरी भावना एवं समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रभक्ति का भाव बचपन से ही विकसित होता है, इसलिए बच्चों को प्रारंभ से ही यह सीख मिलनी चाहिए कि जो भी कार्य करें, उसमें राष्ट्र और समाज के हित को सर्वोपरि रखें।
जिला पदाधिकारी ने आगे कहा कि आगामी 11 नवम्बर को मतदान दिवस है। किशनगंज जिले के सभी मतदाताओं से अपील की जाती है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मतदान न केवल हमारा मौलिक अधिकार है, बल्कि यही हमारे लोकतंत्र की मज़बूती का आधार भी है। उन्होंने कहा कि हमारा देश लोकतंत्र में एक मिसाल प्रस्तुत करता है, क्योंकि हम सभी चुनाव के पर्व को एक महापर्व की तरह मनाते हैं। प्रत्येक मतदाता का वोट अत्यंत मूल्यवान है और एक-एक वोट से ही लोकतंत्र की दिशा एवं आगामी पाँच वर्षों की नीतियाँ निर्धारित होती हैं। इसलिए सभी मतदाता मतदान केंद्र जाकर अपने अमूल्य मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाएं।
गायन कार्यक्रम के पश्चात स्वीप (Systematic Voters' Education and Electoral Participation) कोषांग, किशनगंज के तत्वावधान में उपस्थित सभी कर्मियों, विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों को मतदाता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सभी ने शपथ ली कि वे स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त होकर मतदान करेंगे तथा दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

# मतदाता जागरूकता मोबाइल वेन को डीएम ने झंडी दिखाकर किया रवाना

**न्यूज स्केल सुपौल**



बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025- स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत शुक्रवार को विडियों वेन के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया में मतदाताओं की अधिक से अधिक सहभागीता सुनिश्चित करने के लिए मोबाईल वेन को समाहरणालय परिसर में डीएम सावन कुमार द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। यह मोबाईल वेन सुपौल जिला अंतर्गत 5 विधान सभा के लॉ भीटीआर वाले क्षेत्र में मुख्य-मुख्य स्थानों पर रूक कर मतदाताओं के बीच चुनाव संबंधित विडियों के माध्यम से लोगो को जागरूक करेगा। मोबाईल वेन 7.11.2025 को सुपौल विधान सभा के लॉ भी टीआर यथा अमहा, वीणा, घुरण, गोपालपुर सिरे, गोठ बरुआरी, कर्णपुर, तेलवा पंचायत का भ्रमण करते हुए नगर परिषद् में - स्टेशन चौक, लोहिया चौक, महावीर चौक, मल्लिक चौक, डिग्री कॉलेज चौक, हुसैन चौक, गौरबगढ़ चौक तक गतिशील रहेगा। 8.11.2025 को त्रिवेणीगंज विधान सभा के कड़हरवा, कोरियापट्टी पश्चिम, सिमरिया पंचायत होकर नगर परिषद् त्रिवेणीगंज चौक होते हुए प्रखंड मुख्यालय त्रिवेणीगंज एवं पिपरा विधान सभा के दुबियाही पंचायत होकर पिपरा चौक का भ्रमण करते हुए जिला मुख्यालय वापस लौटेगा। 9.11.2025 को छातापुर विधान सभा के सोहटा पंचायत, बसंतपुर प्रखंड के सातनपट्टी पंचायत, नगर परिषद् वीरपुर, भीमनगर चौक प्रखंड मुख्यालय बसंतपुर में गतिशील रहेगा। 10.11.2025 को निर्मली विधान सभा के किशनपुर प्रखंड अंतर्गत नौआबाखर पंचायत, किशनपुर चौक होते हुए सरायगढ़-भपटियाही प्रखंड का बनैनिया, ढ़ोली पंचायत, राघोपुर प्रखंड का परमानंदपुर, विशनपुर दौलत पंचायत होकर, सिमराही चौक होते हुए निर्मली प्रखंड का निर्मली बाजार, कुनौली बाजार, भुतहा चौक का भ्रमण करते हुए पुनः जिला मुख्यालय के लिए वापस आयेगा। इस अवसर पर अपर समाहर्त्ता, सच्चिदानंद सुमन, उप निर्वाचन पदाधिकारी, अनिरुद्ध प्रसाद यादव, वरीय उप समाहर्त्ता, सुश्री अंजू कुमारी एवं मुकेश कुमार, प्रबंधक डीआरसीसी शैलेश कुमार, जिला समन्वयक एल एस बी ए सुश्री सोनम कुमारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## विधानसभा चुनाव को लेकर 7123 व्यक्तियों ने समर्पित किया बंध पत्र

**न्यूज स्केल सुपौल**

बिहार विधान सभा निर्वाचन, 2025 के दृष्टिगत, भयमुक्त, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान कराने हेतु जिला स्तर पर गठित विधि-व्यवस्था कोषांग अन्तर्गत इस जिले में अवांछित व्यक्तियों और पदार्थों यथा-मादक पदार्थ, अवैध राशि एवं अवैध अस्त्र-शस्त्र की रोकथाम हेतु अन्तर जिला सीमा पर कुल 14 चेक पोस्ट तथा अन्तराष्ट्रीय सीमा पर कुल 12 चेक पोस्ट निर्माण किया गया है। चुनाव के दौरान विधि-व्यवस्था क सुदृढिकरण हेतु FST-15, SST-16 तथा QRT-05 अलग-अलग स्थलों पर सक्रिय रूप से कार्यरत है। विधि व्यवस्था कोषांग अन्तर्गत चुनाव घोषण की तिथि से अद्यतन निम्न कार्रवाई की गयी है। 7.11.2025 तक कुल 15 अवैध शस्त्र तथा 117 गोली को जब्त किया गया।

जिलान्तर्गत कुल 557 आर्म्स अनुज्ञप्तिधारी में से शुक्रवार तक कुल 509 आर्म्स अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अपना आर्म्स जमा करवाया गया है एवं 48 अनुज्ञप्तिधारी व्यक्तियों को आर्म्स जमा करने से मुक्त किया गया है।

चुनाव घोषणा की तिथि से 7.11.2025 तक कुल- 7123 व्यक्तियों द्वारा बंध पत्र समर्पित किया गया है। जिसमें से 7.11.2025 को बंध पत्र समर्पित करने वाले व्यक्तियों की संख्या 48 है।

चुनाव घोषणा की तिथि से अद्यतन प्राप्त 419 अजमानतीय वारंट (NBW) के विरूद्ध 329 अजमानतीय वारंट को तामिल कराया गया है। बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम, 2024 की धारा 3 तहत कुल 180 व्यक्तियों के विरूद्ध निरूद्धादेश निर्गत किया गया है। जिसमें एक अपराधी को जिला बदर (मधेपुरा जिला) किया गया है।

जिलान्तर्गत 195 Vulnerable बुथों में चुनाव के दौरान गड़बड़ी पैदा करने वाले कुल 602 व्यक्तियों क विरूद्ध BNSS की धारा-126 with 135 (3) के तहत कार्रवाई की गयी है।

## स्वीप कोषांग के तहत भारत स्काउट गाइड के बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली, 300 स्काउट ने लिया भाग

**न्यूज स्केल सुपौल**



स्वीप कोषांग के तहत बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की मतदाता जागरूकता के अंतर्गत भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें स्काउट एवं गाइड के 300 स्काउट ने भाग लिया। इस रैली जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी तारकेश्वर पटेल ,जिला श्रम अधीक्षक, जिला संगठन आयुक्त, भारत स्काउट एंड गाइड संजय कुमार झा एवं कर्णपुर उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापिका ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की ।यह रैली कर्णपुर उच्च माध्यमिक विद्यालय से निकलकर कर्णपुर राधा कृष्ण मंदिर होते हुए पुनः कर्णपुर उच्च माध्यमिक विद्यालय वापस आई । आगामी बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने एवं अपने मत का सदुपयोग करने तथा फर्स्ट टाइम वोटर्स को जागरूक करने के उद्देश्य से यह रैली निकाली गई भारत स्काउट एंड गाइड, सुपौल के बच्चे आगामी चुनाव में पंचायत स्तर पर सभी मतदान केदो पर 11 नवंबर 2025 को मतदाताओं को वोट देने हेतु जागरूक करेंगे एवं उन्हें सहायता प्रदान करेंगे।

## प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी ने मास्टर प्रशिक्षक को दिया दिशा निर्देश

**न्यूज स्केल सुपौल**





बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी सावन कुमार के आदेश पर मतगणना कार्य हेतु प्रतिनियुक्त Counting Assistant, Counting Supervisor, Micro Observer का प्रशिक्षण सुपौल उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रथम पाली में दिया गया। प्रशिक्षण का जायजा वरीय पदाधिकारी (प्रशिक्षण कोषांग) - सह-उप विकास आयुक्त सुश्री सारा अशरफ द्वारा लिया गया एवं सभी मास्टर प्रशिक्षक को निदेश दिया गया कि सभी Counting Assistant, Counting Supervisor, Micro Observer मतगणना कार्य से संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण देंगे ताकि मतगणना के दिन किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं हो। नोडल मास्टर प्रशिक्षक अंजनी कुमार एवं धमेन्द्र कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिनियुक्त सभी Counting Assistant, Counting Supervisor, Micro Observer को अपने कार्य एवं दायित्व का बोध कराया गया साथ ही ईवीएम से मतगणना के बारे में, वी वी पैट की पर्ची से गणना एवं पोस्टल बैलेट के गणना के बारे में आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया और मतगणना हेतु कर्मियों से ईवीएम के माध्यम से अभ्यास कराया गया द्वितीय पाली में पीठासीन पदाधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारियों हेतु शंका समाधान सत्र का आयोजन किया गया जिसमें सभी उपस्थित पीठासीन पदाधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारियों का शंका का समाधान मास्टर प्रशिक्षकों के द्वारा किया गया। मतगणना / मतदान कर्मियों के सुविधा हेतु हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गयी है।

## व्यय अनुश्रवण कोषांग के तहत गठित टीम ने लिया जायजा

**न्यूज स्केल सुपौल**

विधानसभा आम निर्वाचन चुनाव 2025 के सफल, स्वच्छ, एवं शांतिपूर्ण संचालन को देखते हुए राजनीतिक पार्टी व अभ्यर्थियों द्वारा धन-बल के दुरूपयोग पर अंकुश लगाने तथा निर्वाचन अभियान के दौरान उनके द्वारा किये जा रहे व्यय का अनुश्रवण करने हेतु भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निदेश Compendiun of Instruction on Election Expenditure Monitering के भाग "B" के कंडिका 01 से 09 तक में वर्णित अनुदेशों के आलोक में जिला व्यय अनुश्रवण कोषांग (District Expenditure Monitoring Cell) का गठन किया जाता है। इस कोषांग के नोडल पदाधिकारी संजय कुमार राज्य कर संयुक्त आयुक्त (मोबाईल नं0-8544401277) हैं। सरल एवं सुगमतापूर्वक क्रियान्वित करने के लिए कोषांग के अन्तर्गत विभिन्न टीमों का गठन किया गया जो निम्नवत् हैः-

(1) Assistant Expenditure Observer-05
(2) Accounting Team-05
(3) FST-15
(4) SST-16X3-48
(5) VST-12
(6) VVT-05
(7) Call Centre-01

(i) कोषांग के अन्तर्गत विभिन्न टीमों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।
(ii) FST एवं SST को C-Vigil तथा ESMS Onboard किया जा चुका है।

7 नवंबर शुक्रवार को जिला अन्तर्गत Expenditure Monitoring Cell के तहत गठित विभिन्न टीमों के कार्यों का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## सुपौल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में वंदे मातरम उत्सव का आयोजन

**न्यूज स्केल सुपौल**



"वंदे मातरम्" के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सुपौल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में एक सामूहिक गायन कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शोभा प्राचार्य डॉ. अच्युतानंद मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति से बढ़ी। सभी शिक्षकगण, कर्मीगण तथा छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मातृभूमि के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। इस आयोजन ने एकता, त्याग और देशभक्ति के मूल्यों को सुंदर रूप से अभिव्यक्त किया, जिससे परिसर देशप्रेम और गर्व की भावना से ओत-प्रोत हो उठा।

ऐसे कार्यक्रम हमारे युवाओं को "एकता और बलिदान" की भावना — जो हमारे राष्ट्र की शक्ति का सार है — को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रेरित करते हैं।

## आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में चार मामला दर्ज

**न्यूज स्केल सुपौल**




जिलान्तर्गत बिहार विधान सभा आम निर्वाचन के अवसर पर प्रभावी आदर्श आचार संहिता का अनुपालन दृढ़ता से सुनिश्चित करते हुए 6 नवंबर को सुपौल, निर्मली, वीरपुर एवं त्रिवेणीगंज अनुमंडल के सभी पाँच विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अवस्थित सार्वजनिक सम्पत्ति यथा रेलवे, बस स्टेंड, सड़क, बिजली पोल, सरकारी सम्पत्ति-सरकारी कार्यालय, भवनों एवं निजी भवनों पर से विभिन्न राजनैतिक दलों का चुनाव प्रचार से संबंधित दिवाल लेखन, पोस्टर, बैनर एवं अन्य प्रचार सामग्री को हटाया/नष्ट किया गया। सुपौल जिलान्तर्गत 6नवंबर तक विभिन्न राजनैतिक दलों से संबंधित दिवाल लेखन से संबंधित 55, पोस्टर से संबंधित 577, बैनर से संबंधित 276 एवं अन्य से संबंधित 33 चुनाव प्रचार सामाग्री हटाया / नष्ट किया गया। इसके साथ ही अब तक कुल 4 आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामलों में प्राथमिकी दर्ज करायी जा चुकी है

## एकल खिड़की कोषांग के तहत हेलीकॉप्टर उतारने के लिए अब तक 19 आवेदन मिले

**न्यूज स्केल सुपौल**

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के लिए लागू आदर्श आचार संहिता के दौरान हेलीपैड स्थल एवं हेलीकॉप्टर उतारने की अनुमति के लिए जिला स्तर पर एकल खिड़की कोषांग स्थापित किया गया है। इस कोषांग में आज दिनांक 07.11.2025 तक हेलीपैड स्थल एवं हेलीकॉप्टर उतारने के लिए कुल 19 (उन्नीस) आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस कोषांग द्वारा दिनांक 07.11.2025 तक 14 (चैदह) हेलीकॉप्टर उतारने की अनुमति दी जा चूकी है। पाँच (05) आवेदन पर अनुमति देने की प्रक्रिया की जा रही है।

सुपौल जिले के विभिन्न विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में स्थापित सिंगल विन्डो सिस्टम द्वारा अब तक सभा/रैली, वाहन उपयोग, चुनाव कार्यालय एवं लाउडस्पीकर के उपयोग से संबंधित क्रमशः 88, 606, 66 एवं 426 अनुमति निर्गत किए गए हैं। सभा/रैली के लिए कुल 88 अनुमतियों में से निर्मली द्वारा 23, पिपरा द्वारा 13, सुपौल द्वारा 33, त्रिवेणीगंज द्वारा 10 एवं छातापुर द्वारा 09 अनुमति जारी किया गया है। वाहन उपयोग के लिए कुल 606 अनुमतियों में से निर्मली द्वारा 99, पिपरा द्वारा 152, सुपौल द्वारा 118, त्रिवेणीगंज द्वारा 93 एवं छातापुर द्वारा 144 अनुमति जारी किया गया है। चुनाव कार्यालय के लिए कुल 666 में निर्मली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 16, पिपरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र द्वारा 10, सुपौल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र द्वारा 17, त्रिवेणीगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र द्वारा 08 तथा छातापुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 15 अनुमति जारी किया गया है। लाउडस्पीकर से संबंधित जिले भर में जारी कुल 426 अनुमतियों में से 53 निर्मली द्वारा, 214 सुपौल द्वारा, 97 त्रिवेणीगंज द्वारा एवं 62 छातापुर द्वारा अनुमति जारी किया गया है।

## आज गृह मंत्री अमित शाह आएंगे सिमराही, एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में जनसभा को करेंगे सम्बोधित



**न्यूज स्केल राघोपुर**

बिहार विधान सभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार में शनिवार 8 नवंबर को गृह मंत्री अमित शाह सुपौल जिले के सिमराही आएंगे। जहां सिमराही में अवस्थित लखीचंद साहू हाई स्कूल में गृह मंत्री श्री शाह चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसको लेकर जनसभा स्थल पर जोरशोर से तैयारी की जा रही है, सुरक्षा सम्बन्धी मानकों के बीच लगातार गृह मंत्री अमित शाह के जनसभा की तैयारी चल रही है। मौके पर मौजूद भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष जयंत मिश्र ने बताया की कल 8 नवंबर को सिमराही में गृह मंत्री अमित शाह चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे, जिसको लेकर तैयारी चल रही है, तैयारी में किसी तरह की चूक नहीं रहे इसको लेकर भाजपा के कार्यकर्त्ता लगातार निगरानी कर रहे हैं. कहा की हजारों लोगों के पहुँचने की संभावना है। वे एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में सभा को संबोधित करेंगे।

## इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र छात्राओं ने प्रधानाचार्य के खिलाफ किया धरना-प्रदर्शन

**न्यूज स्केल सहरसा**



पिछले तीन दिनों से सहरसा इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं का कॉलेज प्रधानाचार्य एवं प्रबंधन पर आरोप प्रत्यारोप का दौड़ चल रहा था। जो शुक्रवार को धरना प्रदर्शन में बदल गया।प्रथम वर्ष के छात्र-छात्रा महाविद्यालय परिसर में अपने विभिन्न मांगों को लेकर धरना पर बैठ गये। छात्रों ने बताया कि प्रधानाचार्य की मनमानी से प्रथम वर्ष के बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत पर मेस की सुविधा एकाएक प्रधानाचार्य द्वारा बंद कर दिया गया। जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।साथ ही कुछ बच्चों द्वारा योगा कक्ष में बोलने के कारण उस बैच के 60 से अधिक बच्चों पर जुर्माना अधिरोधित कर तत्काल वसूली की गयी है। जिससे सभी छात्र-छात्राएं आक्रोशित हैं। वहीं छात्रों के प्रदर्शन को लेकर जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन ने छात्र-छात्राओं से वार्ता करते बच्चों के शिष्टमंडल मंडल से प्रधानाचार्य प्रो डॉ रामचंद्र प्रसाद से वार्ता करायी। वार्ता के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।छात्र संगठनों ने बताया कि प्रधानाचार्य ने किसी प्रकार के परेशानी होने पर जांच कमेटी द्वारा जांच किये जाने की स्वीकृति दी। साथ ही चुनाव के बाद तात्कालिक मुद्दों के समाधान का पूर्ण आश्वासन दिया।जिसके बाद प्रदर्शन वापस लिया गया है।उन्होंने कहा कि जांच कमेटी बनने से बच्चों को बड़ी सहूलियत होगी एवं खुलकर वे अपने परेशानी कमेटी के सामने रख सकेंगे।जिसका समय पर निराकरण हो सकेगा एवं बच्चों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। मौके पर प्रथम वर्ष के सैकड़ो छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# हमें जंगलराज नहीं, सुशासन और समृद्धि के रास्ते पर आगे बढ़ना है : योगी आदित्यनाथ

**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बिहार के रक्सौल में आयोजित चुनावी सभा के मंच से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार प्रमोद कुमार सिन्हा और नरकटियागंज से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) प्रत्याशी विशाल कुमार को जिताने की अपील की।



रक्सौल में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग लालटेन का केरोसिन बेचकर बिहार को अंधेरे में झोंकते थे, वही अब फिर आए हैं आपका राशन हजम करने के लिए। बिहार को अब जंगलराज नहीं, बल्कि सुशासन और समृद्धि की राह पर बढ़ाना है और यह काम केवल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की डबल इंजन वाली सरकार ही कर सकती है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह चुनाव सुशासन बनाम जंगलराज का है। बिहार को 1990 से 2005 के बीच जातीय संघर्ष, नरसंहार, अपहरण और डकैती के दौर में झोंकने वाले अब फिर नई पैकिंग में वोट मांगने निकले हैं। याद करिए ना, यह वही लोग हैं, जिन्होंने लालटेन की धुंधली लाइट में बिहार में जातीय संघर्ष करवाया था। यह वही लोग हैं, जो लालटेन की केरोसिन को बेच करके अंधेरा करते थे, फिर घरों में डकैती भी डालते थे।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि राजग सरकार में बिहार ने विकास की नई उड़ान भरी है। आज यहां सड़क, रेल, एयर कनेक्टिविटी, मेट्रो, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल संस्थान और एम्स तक हैं। सुशासन और सुरक्षा की नींव पर ही निवेश आता है और निवेश से ही रोजगार पैदा होते हैं।

उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमने यूपी में 8 साल में 8.5 लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी दी, 2 करोड़ से अधिक को स्व-रोजगार से जोड़ा। अब नौजवान पलायन नहीं करते, क्योंकि रोजगार घर के पास है और यही मॉडल बिहार में भी लाना है।

विपक्ष पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग पहले चारा खा गए, अब राशन खाने आए हैं। यह वही लोग हैं, जिन्होंने नौजवानों को बेरोजगारी और अपराध के अंधेरे में धकेला। अब फिर जातीय नफरत और लूट का राज वापस लाना चाहते हैं, लेकिन बिहार की जनता समझदार है। वह विकास और विरासत के साथ खड़ी है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विरासत और विकास दोनों को साथ लेकर चलने की परंपरा दी है। कांग्रेस और राष्ट्रीय जमता दल (राजद) ने राम मंदिर निर्माण का विरोध किया था, लेकिन आज अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनकर तैयार है। अब सीतामढ़ी में मां जानकी के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य भी चल रहा है। ये सब कार्य वही कर सकते हैं, जो विरासत का सम्मान जानते हैं, विकास का अर्थ समझते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं का उल्लेख करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, 50 करोड़ को 5 लाख तक की स्वास्थ्य सुविधा, 4 करोड़ घरों में बिजली कनेक्शन, 3 करोड़ आवास और एक करोड़ 41 लाख बहनों के खातों में सीधे पैसे भेजने का काम केवल राजग ने किया है। यह वादे नहीं, धरातल पर उतरे परिवर्तन हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने युवाओं को आगाह करते हुए कहा कि महागठबंधन अब नौकरी के नाम पर धोखा देने निकला है। जो आपकी जमीन और चारा हड़प गए, वे नौकरी क्या देंगे? बिहार की जनता को इनके झूठे वादों से सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे उत्तर प्रदेश में माफिया की संपत्ति जब्त कर गरीबों के घर बनाए गए, वैसे ही बिहार में भी सुशासन से अपराध और नक्सलवाद को समाप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह जी ने संकल्प लिया है कि 2026 तक देश से नक्सलवाद का नामोनिशान मिट जाएगा।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो राम का है, वही हमारे काम का है। जो राम का नहीं, वह हमारे किसी काम का नहीं। उन्होंने लोगों से अपील की कि रक्सौल में कमल और नरकटियागंज में तीर पर बटन दबाकर राजग के उम्मीदवारों को विजयी बनाएं, ताकि बिहार का विकास अविराम जारी रह सके।

**» कहा—यह चुनाव "सुशासन बनाम जंगलराज" का है, राजग सरकार ने बिहार में विकास और सुरक्षा की नई राह दिखाई है।**

------------

**» विपक्ष पर तंज—"जो लालटेन का केरोसिन बेचकर अंधेरा फैलाते थे, अब राशन खाने आए हैं।"**

------------

**» पीएम मोदी की योजनाओं का उल्लेख करते हुए बोले—राजग ही विरासत और विकास दोनों को साथ लेकर चलता है, 2026 तक देश से नक्सलवाद खत्म होगा।**

# कांग्रेस ने राष्ट्रगीत की आत्मा को कुचला, उसके डीएनए में है तुष्टिकरण : केशव मौर्य

**मोतिहारी,** (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं बिहार चुनाव सह प्रभारी केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को मोतिहारी में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित समारोह में भाग लिया। वे पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह के साथ राष्ट्रगीत के सामूहिक गान में सम्मिलित हुए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वर्चुअल संबोधन सुना।





**आजादी की प्रेरणा बना राष्ट्रगीत**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मौर्य ने कहा कि जब आजादी एक सपना थी, उस समय 'वंदे मातरम्' ने जन-जन में क्रांति की ज्वाला जगाई। नेताजी सुभाषचंद्र बोस, भगत सिंह और अनेक स्वतंत्रता सेनानियों के लिए यह गीत प्रेरणा स्रोत बना। उन्होंने कहा कि यह गीत किसी धर्म का नहीं, बल्कि मातृभूमि की वंदना का प्रतीक है, जिसने परतंत्र भारत को आत्मगौरव और स्वतंत्रता की राह दिखाई।

**#VandeMataram150Years बना राष्ट्र चेतना का पर्व**

भाजपा आईटी सेल और कई केंद्रीय नेताओं ने #VandeMataram150Years ट्रेंड कर इसे राष्ट्र चेतना का उत्सव बताया। पार्टी नेताओं ने कहा कि जब पूरा देश राष्ट्रगौरव मना रहा है, कांग्रेस का मौन उसकी राष्ट्रभावना से दूरी को दर्शाता है।

**कर्म, सेवा और समर्पण में मां भारती की वंदना** : मौर्य ने कहा कि विकसित भारत-2047 के संकल्प की दिशा में 'वंदे मातरम्' अब केवल गीत नहीं, बल्कि राष्ट्रीय प्रतिज्ञा बन गया है। यह भाजपा की विचारधारा की धड़कन और युवा पीढ़ी के लिए ऊर्जा का मंत्र है। उन्होंने कहा, "आज का भारत कहता है — 'वंदे मातरम्' केवल गाने का नहीं, बल्कि जीने का मंत्र है।"

**कांग्रेस पर तुष्टिकरण का आरोप**

मौर्य ने कहा कि 1923 में कांग्रेस के काकीनाडा अधिवेशन में 'वंदे मातरम्' का विरोध किया गया और 1937 में केवल दो अंतरे गाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि धर्मनिरपेक्षता के नाम पर कांग्रेस ने राष्ट्रगीत की आत्मा को सीमित किया। इसी तुष्टिकरण की प्रवृत्ति से कांग्रेस आज भी उबर नहीं सकी है। भाजपा इसे राष्ट्रभावना का प्रतीक मानती है और यही गीत आज भी राष्ट्र के दिलों में गूंजता है।

# नालंदा जिले में 68 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद

**नालंदा, बिहारशरीफ** (हि.स.)। नालंदा जिले में गुरुवार को सभी विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हो गया। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, जिले में कुल 58.5% मतदान अनुमानित है। 68 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद हो गई है। जिसका फैसला 14 नवंबर को होगा।मतदान के बाद डीएम कुंदन कुमार, एसपी भारत सोनी ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि भयमुक्त व शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न हो गया। कहीं भी अप्रिय घटना नहीं हुई। शाम 5 बजे तक जिले का औसत मतदान 57.58% रहा। जो अंतिम आंकड़ों में बढ़कर 58.5% से अधिक तक पहुंचने का अनुमान है।

डीएम इस बार चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किए गए नवाचारों की सराहना की। जिले के हर एक बूथ की निगरानी वेबकास्टिंग के जरिए की जा रही थी। मतदाताओं की सुविधा के लिए बूथों पर मोबाइल रखने के लिए हैंगर और लाइन से बचने के लिए टोकन की व्यवस्था की गई थी।

वहीं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने बताया कि भयमुक्त और निष्पक्ष चुनाव के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। जिसमें जिला पुलिस के साथ-साथ सीएपीएफ के जवान भी तैनात थे। पूरे दिन पुलिस सक्रिय रही। मतदान के दौरान शांति भंग करने की आशंका में पूरे जिले से 127 लोगों को प्रिवेंटिव डिटेंशन के तहत एहतियातन हिरासत में लिया गया।

नालंदा जिले के सातों विधानसभा चुनाव में नालंदा 60.63%, हिलसा 60.31%, राजगीर 60.08%, इस्लामपुर 59.84%, हरनौत 55.72%, अस्थावां 54.65%, बिहारशरीफ 53.05%वोट का रिकॉर्ड किया गया।

# सारण ईवीएम संबंधी भ्रामक वीडियो बना प्रसारित करने पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज

**सारण,** (हि.स.)। सारण जिले में चुनाव के माहौल को खराब करने के नियत से भ्रामक एवं झूठा वीडियो प्रसारित करने और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में सारण साइबर थाना ने सख्त कार्रवाई करते हुए कई सोशल मीडिया अकाउंट संचालकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।




सारण पुलिस ने सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान यह पाया गया कि कुछ अकाउंट्स द्वारा ईवीएम से संबंधित वीडियो पोस्ट किए गए. इन वीडियो में एक विशिष्ट राजनीतिक दल को मतदान करते हुए दिखाया गया है जो चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों और आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है।

इस तरह के कार्य को सरकारी कार्यों में बाधा और विधि-व्यवस्था भंग करने का प्रयास माना गया है।

सारण पुलिस ने बताया कि उक्त प्रोफाइल और उनके संचालकों के विरुद्ध साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।मामले में अग्रतर विधिसम्मत कार्रवाई जारी है।

सारण पुलिस ने नागरिकों से कड़ी चेतावनी के साथ अपील की है कि वे चुनाव प्रक्रियाओं से संबंधित कोई भी वीडियो, फोटो या सामग्री जो निर्वाचन नियमों का उल्लंघन करती हो, उसे सोशल मीडिया पर साझा न करें।

# प्रशांत किशोर ने नवादा में डॉ अनुज के पक्ष में रोड शो कर मांगे वोट,कहा बनेगा नया बिहार

**नवादा,** (हि.स.)। जन स्वराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने शुक्रवार को नवादा जिले में भव्य रोड शो किया और जिले के सभी पार्टी प्रत्याशियों के साथ नवादा के प्रत्याशी डॉ. अनुज सिंह को भारी मतों से विजय दिलाने का आह्वान किया। गया से नवादा पहुंचे प्रशांत किशोर का स्वागत नारदीगंज प्रखंड के दयाली बीघा मोड़ पर सैकड़ों वाहनों के काफिले और फूलों की बारिश के साथ किया गया।



रोड शो के दौरान नारदीगंज, कहुआरा बाजार, गोंदापुर चौक, सद्भावना चौक, रजौली बस स्टैंड और प्रजातंत्र चौक में बड़ी संख्या में जुटे मतदाताओं को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि इस बार मतदान जात-पात से ऊपर उठकर अपने बच्चों की शिक्षा, रोजगार और बिहार के विकास के लिए होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीते 15 वर्षों में महागठबंधन और 20 वर्षों में एनडीए की सरकारों ने गरीबों की समस्याओं का समाधान नहीं किया और लाखों लोग पलायन करने को मजबूर हैं।

प्रशांत किशोर ने डॉ. अनुज सिंह को बेहतर शिक्षाविद और सक्षम नेता करार देते हुए कहा कि नवादा वासियों की सेवा करने के लिए वे बुलंदी से चुनाव लड़ रहे हैं। रोड शो के अंत में खराठ मोड़ पर सैकड़ों मोटरसाइकिल और चार-पहिया वाहनों के काफिले के साथ विदाई दी गई। प्रशांत किशोर ने इसे राजनीतिक रूप से ऐतिहासिक रोड शो बताया और नवादा के लाखों लोगों के प्रेम और उत्साह को यादगार करार दिया। यह रोड शो नवादा जिले में जन स्वराज पार्टी की ताकत और डॉ. अनुज सिंह की लोकप्रियता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

# बिहार में बदलाव की लहर, बनेगी इंडिया गठबंधन सरकार - दीपंकर भट्टाचार्य

**न्यूज स्केल बेतिया (प.च.)**

भाकपा(माले) महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य शुक्रवार कों सड़क मार्ग से चलकर बेतिया पहुंचे. बेतिया में इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी वसी अहमद, भाकपा(माले) नेता फरहान अख्तर, सुनील राव और अन्य इंडिया गठबंधन कार्यकर्ताओं ने हरिवाटिका स्थित शगुन विवाह भवन (कांग्रेस चुनाव कार्यालय) में गुलदस्ता व शॉल देकर उनका स्वागत किया.



शगुन विवाह भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रेस प्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 6 नवंबर को हुए पहले चरण के मतदान से बिहार में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है.

का. दीपांकर भट्टचार्य ने कहा कि पिछले 20 वर्षों से चल रही नीतीश सरकार और 11 वर्षों की डबल इंजन सरकार ने बिहार को बेरोजगारी, पलायन, कर्ज के बोझ, भ्रष्टाचार और सामंती-सांप्रदायिक हिंसा व अपराध के दलदल में धकेल दिया है. 'बदलो सरकार, बदलो सरकार' बिहार के जन-जन का नारा बन चूका है.

दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि बिहार में इंडिया गठबंधन सरकार ने हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रूपये और सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि को बढ़ाकर 1500 रूपये करने का जो संकल्प लिया है, वह सरकार बनने के साथ ही लागु होना शुरू हो जायेगा.

उन्होंने कहा कि बिहार की महिलाएं बखूबी समझ चुकी हैं कि चुनाव से ठीक पहले जीविका से जुड़ी महिलाओं के खाते में 10 हजार रूपये देने की मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना हकीकत में 'महिला कर्जदार योजना' है और इसके जरिये उनका वोट खरीदने की कोशिश की गई है. माले महासचिव ने कहा महिलाएं माइक्रो फाइनेन्स के कर्ज के बोझ तले दबी हुई है. वे 'दस हजार में दम नहीं, कर्ज मुक्ति से कम नहीं' का नारा लगा रही है. भाजपा द्वारा बीस साल पहले के जंगलराज की वापसी के दुष्प्रचार का जवाब देते हुए उन्होंने हाल के दिनों में गोपाल खेमका, अनिरुद्ध पासवान और दुलारचंद यादव की नृशंष हत्याओं का जिक्र करते हुए इसे महाजंगल राज की संज्ञा दी. उन्होंने कहा कि भाजपा आज के सवालों का जवाब देने के बजाय 20 साल पहले के जंगलराज का भय या 2047 में विकसित भारत का झूठा सपना दिखाकर लोगों को भरमा नहीं सकती. उन्होंने पत्रकारों कों सम्बोधित करते हुए कहा कि बिहार के लोग न तो झुकेंगे, न रुकेंगे. वे भाजपा-जदयू के वोटचोरी, आरक्षण चोरी और जमीन चोरी के खिलाफ और लोकतंत्र, संविधान और आजादी की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन को निर्णायक बहुमत दिलायेंगे.

इस प्रेस वार्ता के दौरान इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी वसी अहमद समेत अन्य गठबंधन नेता भी मौजूद रहे.

# मतदान की तैयारियों को लेकर नौतन विधानसभा क्षेत्र में समीक्षा बैठक सम्पन्न

**न्यूज स्केल बेतिया**

आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन–2025 के मद्देनज़र सामान्य प्रेक्षक श्री एम. भरणी कुमार की अध्यक्षता में नौतन विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं सभी 29 सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदान दिवस की सभी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।



बैठक का मुख्य एजेंडा मतदान की समुचित तैयारी और उसके सुचारु संचालन पर केंद्रित रहा। इस दौरान एएमएफ (आवश्यक मतदान सामग्री), वेबकास्टिंग व्यवस्था, रूट चार्ट, प्रकाश व्यवस्था तथा प्रत्येक सेक्टर द्वारा तैयार की गई मतदान योजना की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि पी–2 से लेकर मतदान दिवस तक की मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित करें। इसके साथ ही विभिन्न रिपोर्टों के संकलन, विशेषकर 17-सी प्रपत्रों के संग्रह पर विशेष बल दिया गया।

बैठक में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बरतने, मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं की निगरानी करने और समयबद्ध प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

# दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर एटीसी में गड़बड़ी, 100 से ज़्यादा उड़ानें प्रभावित




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। राष्ट्रीय राजधानी इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट पर शुक्रवार को अफरा-तफरी का माहौल दिखा। एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) सिस्टम में तकनीकी खराबी आने के कारण 100 से ज्यादा उड़ानें प्रभावित हो गईं। दिल्ली एयरपोर्ट के अधिकारियों ने एटीसी में तकनीकी समस्या के कारण आईजीआईए पर उड़ान में हो रही बाधा के लिए खेद जताया है, जिससे उड़ान संचालन प्रभावित हो रहा है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने उड़ानों में देरी पर जारी एक एडवाइजरी में बताया कि उनकी टीम डायल (दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड) सहित सभी हितधारकों के साथ मिलकर इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान निकालने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। लेट हुई उड़ानों में सवार यात्रियों से धैर्य बनाए रखने का अनुरोध किया गया है।

एयर इंडिया एयरलाइंस की ओर से यात्रियों को बताया गया कि जल्द ही परिचालन सामान्य हो जाने की उम्मीद है। बयान में कहा गया है कि दिल्ली में एटीसी सिस्टम में आई एक तकनीकी समस्या सभी एयरलाइनों के उड़ान संचालन को प्रभावित कर रही है, जिससे हवाई अड्डे और विमान में देरी और लंबा इंतज़ार हो रहा है। इस अप्रत्याशित व्यवधान के कारण हुई असुविधा के लिए हमें खेद है, जो हमारे नियंत्रण से बाहर है और हम आपके धैर्य की सराहना करते हैं। हमारे केबिन क्रू और हवाई अड्डे पर मौजूद कर्मचारी यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए तत्काल सहायता प्रदान कर रहे हैं। साथ ही अनुरोध किया गया है कि हवाई अड्डे पर जाने से पहले https://airindia.com/in/en/manage/flight-status.html पर अपनी उड़ान की स्थिति जांच लें।

# पीयूष गोयल के दौरे पर भारत-न्यूजीलैंड के बीच एफटीए वार्ता का चौथा दौर खत्म



**टोरुआ,** (हि.स.)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चौथे दौर की वार्ता शुक्रवार को संपन्न हुई। दोनों देशों ने इस वार्ता को शीघ्रता से निष्कर्ष तक पहुंचाने पर सहमति जताई। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड बढ़ते रणनीतिक और आर्थिक सहयोग के अनुरूप एक संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते को जल्द अंतिम रूप देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वार्ता में वस्तु बाजार पहुंच, सेवाएं, आर्थिक-तकनीकी सहयोग और निवेश अवसरों पर चर्चा हुई। गोयल ने न्यूजीलैंड के कृषि, व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के साथ बे ऑफ प्लेंटी स्थित ते पुके कीवी फल बाग़ का दौरा किया और किसानों के साथ उत्पादकता एवं सतत विकास के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। ऑकलैंड और रोटोरूआ की यात्रा के दौरान गोयल ने कई शीर्ष व्यापारिक नेताओं से भी भेंट की, जिनमें वैलोसिटी की सीईओ कारमेन विसेलिच, स्लंबरजोन के सीईओ रंजय सिक्का, मीट इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष नाथन गाय और पैन पैक के प्रबंध निदेशक टोनी क्लिफोर्ड शामिल थे। भारत-न्यूजीलैंड व्यापार मंच में दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों और उद्योग प्रतिनिधियों ने द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने तथा आर्थिक सहयोग के नए अवसर तलाशने पर जोर दिया।

# आरबीआई के नियामक सुधारों से एसबीआई 100 अरब डॉलर की कंपनी बनी : संजय मल्होत्रा




**मुंबई,** (हि.स)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक सतर्कता के साथ आगे बढ़ रहा है, लेकिन हाल ही में बैंकों की गतिविधियों को नियंत्रित करने वाले नियमों में ढील दी गई है। उन्होंने कहा कि आरबीआई के नियामक सुधारों के कारण एसबीआई 2018 में घाटे से उबरकर 100 अरब डॉलर की कंपनी बन गई है।

संजय मल्होत्रा ने आर्थिक राजधानी मुंबई में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के बैंकिंग बैंकिंग और इकोनॉमिक्स कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि नियामकों को ऋण और जमा विस्तार, बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता और लाभप्रदता के साथ-साथ परिसंपत्तियों और इक्विटी पर रिटर्न में वृद्धि को ध्यान में रखना होगा। उन्होंने आगे कहा कि हमें विनियमित संस्थाओं को प्रत्येक मामले के गुण-दोष के आधार पर निर्णय लेने की अनुमति देनी चाहिए।

संजय मल्होत्रा ने कहा कि भारतीय बैंक आज एक दशक पहले की तुलना में कहीं अधिक परिपक्व हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक का उद्देश्य चीजों का सूक्ष्म प्रबंधन करना नहीं है। भारत के बैंकिंग क्षेत्र में परिवर्तन एक मजबूत नियामक ढांचे और आरबीआई और सरकार द्वारा शुरू किए गए प्रमुख नीतिगत उपायों से संभव हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी नियामक को बोर्डरूम के फैसले का स्थान नहीं लेना चाहिए और प्रत्येक मामले को एक विनियमित संस्था द्वारा योग्यता के आधार पर देखा जाना चाहिए।

# मूली के साथ भूलकर भी न खाएं ये चीजें, वरना हो सकता है नुकसान



**मुंबई,** (हि.स)। सर्दियों में मूली का सेवन स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है क्योंकि इसमें फॉलिक एसिड, विटामिन C, कैल्शियम और आयरन जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसके एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-बैक्टीरियल गुण शरीर को कई बीमारियों से बचाते हैं। हालांकि, आयुर्वेद के अनुसार मूली को कुछ चीजों के साथ खाने से यह फायदे की जगह नुकसान पहुंचा सकती है। मूली को दूध या दही के साथ खाने से पाचन संबंधी दिक्कतें, त्वचा पर चकत्ते और एलर्जी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। वहीं, संतरे के साथ मूली खाने से एसिडिटी और पेट में जलन बढ़ जाती है। मूली और मछली का संयोजन शरीर में विषैले तत्व पैदा कर सकता है जिससे त्वचा रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए मूली का सेवन हमेशा अकेले करें और खाने के बाद कम से कम एक घंटे तक दूध, दही या खट्टे फलों से परहेज करें ताकि इसका पौष्टिक लाभ शरीर को बिना किसी हानि के मिल सके।

# कैंसर के शुरुआती लक्षण : डॉक्टर बोले— एक नहीं, कई संकेत देते हैं बीमारी के शुरू होने के संकेत



**मुंबई,** (हि.स)।कैंसर की शुरुआत शरीर की कोशिकाओं में असामान्य वृद्धि से होती है, जो नियंत्रण से बाहर हो जाती है। आर्टेमिस हॉस्पिटल्स के सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. प्रवीण यादव बताते हैं कि कैंसर का कोई एक विशेष प्रारंभिक संकेत नहीं होता, बल्कि इसके लक्षण अलग-अलग प्रकार के हो सकते हैं। सामान्यतः थकान, वजन घटना, त्वचा पर गांठ या घाव, लगातार खांसी, रक्तस्राव या भूख कम लगना जैसे लक्षण शुरुआती संकेत हो सकते हैं। अक्सर ये साधारण बीमारी समझकर नजरअंदाज कर दिए जाते हैं, जिससे कैंसर बाद के चरण में पता चलता है। शुरुआती जांच और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण बेहद जरूरी हैं।

# राशिफल : 08 नवंबर, 2025

**मेष :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। ङ्क्षचतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-4-5

**वृष :** विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-2-3-7

**मिथुन :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-3-5

**कर्क :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्घ होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। शुभांक-3-4-6

**सिंह :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-1-3-4

**कन्या :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-2-5-7

**तुला :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। पुराने मित्र मिलेगें। शुभांक-3-6-8

**वृश्चिक :** शत्रुभय, ङ्क्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेलजोल से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। शुभांक-3-6-7

**धनु :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्यों में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6

**मकर :** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-5-6

**कुंभ :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। इच्छित कार्य सफल होगें। शुभांक-3-6-7

**मीन :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्घ होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-3-5

# पंचांग : 08 नवंबर, 2025

8 नवम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य तुला में
चंद्र वृष में
मंगल वृश्चिक में
बुध वृश्चिक में
गुरु कर्क में
शुक्र तुला में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
वश्चिक 06.51 ब.से
धनु 09.07 बजे से
मकर 11.12 बजे से
कुंभ 12.59 बजे से
मीन 14.31 बजे से
मेष 16.02 बजे से
वृष 17.42 बजे से
मिथुन 19.40 बजे से
कर्क 21.54 बजे से
सिंह 00.10 बजे से
कन्या 02.22 बजे से
तुला 04.32 बजे से
शनिवार 2025 वर्ष का 312 वा दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु शरद।

विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947
मास मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) पक्ष कृष्ण
तिथि तृतीया 07.33 बजे तदनन्तर चतुर्थी 04.26 बजे रात्र को समाप्त।
नक्षत्र मृगशीर्ष 22.03 बजे को समाप्त।
योग शिव 18.32 बजे को समाप्त।
करण विष्टि 07.33 बजे, बव 17.56 बजे तदनन्तर बालव 04.26 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 17.5 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 160 35
सूर्य दक्षिणायन कलि अहर्गण 1872522
जूलियन दिन 2460987.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447
महीना जमादि उल्लावल तारीख 16
विशेष संकष्टी चतुर्थी।



# केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र रिवरफ्रंट का किया उद्घाटन

गुवाहाटी, (हि.स.)। असम के लिए गुरुवार का दिन एक ऐतिहासिक और गर्व का क्षण रहा, जब केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुवाहाटी में भव्य ब्रह्मपुत्र रिवरफ्रंट का उद्घाटन किया।

यह रिवरफ्रंट परियोजना राज्य के पर्यटन, संस्कृति और शहरी विकास के क्षेत्र में एक बड़ा मील का पत्थर मानी जा रही है।

इसका उद्देश्य ब्रह्मपुत्र नदी के तट को न सिर्फ आकर्षक बनाना है, बल्कि इसे स्थानीय लोगों और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए एक जीवंत अनुभव का केंद्र बनाना भी है।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा, कई केंद्रीय और राज्य मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह में वित्त मंत्री ने कहा कि यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस दृष्टि का हिस्सा है, जिसमें विकास और सांस्कृतिक विरासत दोनों का समन्वय किया गया है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मपुत्र नदी केवल असम की जीवनरेखा नहीं, बल्कि पूर्वोत्तर भारत की पहचान और संस्कृति की आत्मा है।

सीतारमण ने इस अवसर पर कहा कि यह रिवरफ्रंट परियोजना "प्रकृति, संस्कृति और आधुनिकता का सुंदर संगम" है। यह न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि असम की लोक कला, स्थापत्य शैली और पारंपरिक विरासत को भी प्रतिबिंबित करती है। परियोजना में हरियाली से युक्त वॉकवे, साइक्लिंग ट्रैक, एम्फीथिएटर, कैफे जोन, लाइटिंग शो और बच्चों के लिए विशेष मनोरंजन क्षेत्र विकसित किए गए हैं।

असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने इस अवसर पर एक्स (पूर्व ट्विटर) पर साझा किया कि ब्रह्मपुत्र रिवरफ्रंट "राज्य के रूपांतरण और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दिशा में एक निर्णायक कदम" है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना असम की समृद्ध प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखते हुए आधुनिक शहरी जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करती है।

स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने भी इस रिवरफ्रंट को लेकर उत्साह व्यक्त किया है। उनका कहना है कि इससे गुवाहाटी को एक नया पहचान मिलेगी और पर्यटन उद्योग को भी बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। कुल मिलाकर, ब्रह्मपुत्र रिवरफ्रंट अब असम की नई शान के रूप में उभरने जा रहा है, जो विकास और परंपरा दोनों का प्रतीक बनेगा।

# आजादी का अमर मंत्र है वंदे मातरम् : योगी आदित्यनाथ

## वंदे मातरम् सम्पूर्ण राष्ट्र को जोड़ने का मंत्र

**लखनऊ,** (हि.स.)। राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वंदे मातरम् भारत की आजादी का एक अमर मंत्र बन गया था। उस दौरान विदेशी हुकूमत के दौरान दी जाने वाली अनेक यातनाओं के बावजूद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व क्रान्तिकारी इस गीत के साथ गांव-गांव में प्रभात फेरी के माध्यम से जुड़ कर जागरण किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि 1875 में रचा गया यह गीत आजादी के आन्दोलन को आगे बढ़ाने में सहायक रहा। इस में किसी एक वर्ग विशेष का महिमामण्डन नहीं किया गया है। वंदे मातरम सम्पूर्ण राष्ट्र को जोड़ने का एक मंत्र बना। 1905 में जब भारत की भुजाओं को काटने का प्रयास बंग-भंग के रूप में किया था उस दौरान क्रान्तिकारियों के मुख से केवल वंदेमातरम ही निकलता था। वंदे मातरम सम्पूर्ण भारत को एक सूत्र में जोड़ने का मंत्र बना। यह गीत नहीं बल्कि भारत को एक नई दिशा देने व देश की सामूहिक चेतना को आगे बढ़ाने व राष्ट्रीयता का भाव पैदा करने में सहायक हुआ है। वंदे मातरम् हम सब को हमारे कर्तव्यों के प्रति आग्रही बनाता है।

बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को नमन करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वंदे मातरम् क्रांतिकारियों की ताकत था। वंदे मातरम् एक शक्तिशाली नारा है। वंदे मातरम् हमारी शान, देश की पहचान है। इसी गीत ने भारत को एकजुट किया है।

सभागार में मौजूद सभी लोगों ने एक साथ सस्वर वंदेमातरम का गायन किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव एस.पी.गोयल,प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद,पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण समेत बड़ी संख्या में अधिकारी उपस्थित रहे।

# जापान की कंपनी ने दिखाई दिलचस्पी, बीआईसी के ट्रैक पर फिर दौड़ेंगी फॉर्मूला वन कारें

**गौतमबुद्ध नगर,** (हि.स.)। यमुना एक्सप्रेसवे पर स्थित बुद्धा इंटरनेशनल सर्किट (बीआईसी) एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मोटरस्पोर्ट्स के नक्शे पर लौटने की तैयारी में है। जापान की प्रसिद्ध कंपनी जापान रेस प्रमोशन कॉर्पोरेशन (जेआरसी) ने बीआईसी पर फॉर्मूला वन और सुपर फॉर्मूला रेस आयोजित करने की इच्छा जताई है। कंपनी के अध्यक्ष योशीहिसा उएनो के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बीआईसी का दौरा कर यहां की तकनीकी और भौतिक सुविधाओं का मूल्यांकन किया तथा यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सीईओ राकेश कुमार सिंह से विस्तृत चर्चा की। यीडा सीईओ ने बताया कि इस







मुलाकात का उद्देश्य बीआईसी की निष्क्रिय पड़ी सुविधाओं को फिर से उपयोगी बनाना और संयुक्त निवेश के माध्यम से ट्रैक को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुनः स्थापित करना है। कंपनी को आवश्यक निवेश और लंबे समय तक आयोजन सुनिश्चित करने का प्रस्ताव दिया गया है, जिस पर उसने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। इस पहल से उत्तर प्रदेश में खेल पर्यटन, निवेश और रोजगार के नए अवसर खुल सकते हैं। गौरतलब है कि बीआईसी पर 2011 से 2013 तक फॉर्मूला वन रेस आयोजित हुई थी। इसके बाद आयोजन रुक गए। 2023 में यहां मोटो जीपी रेस हुई, लेकिन वह भी दोबारा नहीं हो पाई। अब करीब एक दशक बाद फिर से कारों की रफ्तार लौटने की उम्मीद है। इस बीच, लखनऊ की सरोजनी नगर विधानसभा के विधायक राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बुद्धा सर्किट के पुनरुद्धार की मांग की है। उन्होंने कहा कि करीब 3000 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह विश्वस्तरीय सुविधा उत्तर प्रदेश को मोटर स्पोर्ट्स और एंटरटेनमेंट कैपिटल के रूप में पहचान दिला सकती है।

# आजादी का अमर मंत्र है वंदे मातरम् : वंदे मातरम भारत की आत्मा का प्रतीक : खरगे

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को एक्स पर अपना संदेश साझा करते हुए कहा कि यह गीत भारत की सामूहिक चेतना का प्रतीक है, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी।



उन्होंने अपने संदेश में लिखा कि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदेमातरम भारत माता की भावना और देश की एकता व विविधता का उत्सव मनाता है। वर्ष 1896 में कांग्रेस अधिवेशन (कलकत्ता) के दौरान वंदेमातरम पहली बार सार्वजनिक रूप से गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर ने गाया था। यह क्षण आजादी के आंदोलन में नई ऊर्जा लेकर आया।उन्होंने कहा कि बंगाल विभाजन से लेकर स्वतंत्रता आंदोलन के अंतिम चरण तक यह गीत देशभर में गूंजता रहा। लाला लाजपत राय के प्रकाशन से लेकर भीकाजी कामा के झंडे और रामप्रसाद बिस्मिल की क्रांति गीतांजलि तक, वंदेमातरम स्वतंत्रता का नारा बन गया था।

उन्होंने लिखा कि कांग्रेस पार्टी वंदेमातरम और जन-गण-मन दोनों का गर्व से गायन करती है क्योंकि ये गीत भारत की एकता, विविधता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक हैं।

# भारत और ब्रिटेन के बीच विधि और न्याय क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारत और ब्रिटेन के बीच विधि और न्याय के क्षेत्र में आपसी सहयोग को और मजबूत करने के लिए व्यापक स्तर पर विचार-विमर्श हुआ। इस संबंध में ब्रिटेन के न्याय मंत्रालय का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित शास्त्री भवन में भारत सरकार के विधि और न्याय मंत्रालय के विधायी विभाग के सचिव से मिला।



केंद्रीय विधि मंत्रालय के अनुसार बैठक में विधायी मसौदा तैयार करने, ईज ऑफ लिविंग पहल, अप्रचलित कानूनों को समाप्त करने, न्यायाधिकरण प्रणाली, लैंगिक न्याय और दोनों देशों के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने भारत और ब्रिटेन के बीच हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के क्रियान्वयन से जुड़े पहलुओं पर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल में ब्रिटेन के न्याय मंत्रालय के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम प्रमुख डेविड मेयर, अंतरराष्ट्रीय विधि शासन प्रमुख क्रिस्टिना सोपर, विधिक सेवा वरिष्ठ नीति सलाहकार पॉल स्कॉट और अंतरराष्ट्रीय सहभागिता वरिष्ठ नीति सलाहकार बारबोरा सिंदारोवा शामिल थे। इनके साथ ब्रिटिश उच्चायोग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# कोलकाता और सिलीगुड़ी में ईडी की छापेमारी, बार-कम-रेस्तरां से संचालित मानव तस्करी और देह व्यापार रैकेट का भंडाफोड़

**कोलकाता,** (हि.स.)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता और सिलीगुड़ी में संगठित मानव तस्करी और देह व्यापार रैकेट के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए आठ ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। यह रैकेट मुख्य रूप से बार-कम-रेस्तरां के माध्यम से संचालित होने का आरोप है।ईडी की कोलकाता जोनल यूनिट ने सुबह से ही बिधाननगर, कोलकाता और सिलीगुड़ी क्षेत्रों में यह सर्च ऑपरेशन शुरू किया। छापेमारी उन आरोपितों और संदिग्धों के परिसरों पर की गई, जिन पर इस अवैध नेटवर्क को चलाने का संदेह है।यह मामला पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा विभिन्न





आरोपितों—जगजीत सिंह, अजमल सिद्दीकी, विष्णु मुंद्रा सहित अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर और दाखिल आरोपपत्रों पर आधारित है। ये मामले भारतीय दंड संहिता, आर्म्स एक्ट और अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम (आईटीपीए) के तहत दर्ज हैं, जो मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के अनुसूचित अपराधों में शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी लोग रोजगार का झांसा देकर कमजोर और जरूरतमंद महिलाओं का शोषण करते थे तथा उन्हें देह व्यापार के लिए मजबूर किया जाता था, जिसके जरिए बड़ी मात्रा में अवैध धन अर्जित किया जाता था।

इन पैसों को नकद में इकट्ठा कर कई फर्जी या नियंत्रित कंपनियों के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग किए जाने के भी प्रमाण मिले हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह रकम कई करोड़ रुपये तक पहुंचती है।ईडी की इस कार्रवाई के बाद पूरे रैकेट के नेटवर्क और आर्थिक लेनदेन के व्यापक खुलासे की संभावना जताई जा रही है।

# चीन का 'फुजियान' विमानवाहक पोत : समुद्री शक्ति के नए युग की शुरुआत



बीजिंग (हि.स.)। चीन ने अपने सबसे आधुनिक और स्वदेशी रूप से निर्मित विमानवाहक पोत "फुजियान" को आधिकारिक रूप से नौसेना के बेड़े में शामिल कर लिया है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, बुधवार को हैनान द्वीप के सान्या बंदरगाह पर आयोजित समारोह में राष्ट्रपति शी जिनपिंग की उपस्थिति में इस पोत को सेवा में शामिल किया गया।

यह कदम चीन की तेजी से बढ़ती समुद्री महत्वाकांक्षाओं और सैन्य आधुनिकीकरण अभियान की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर माना जा रहा है। फुजियान चीन का तीसरा विमानवाहक पोत है, लेकिन यह पहला ऐसा पोत है जिसे पूरी तरह घरेलू तकनीक से डिजाइन और निर्मित किया गया है। इसे शी जिनपिंग के नेतृत्व में चल रहे "मिलिट्री मॉडर्नाइजेशन ड्राइव" का प्रतीक भी कहा जा रहा है।

अमेरिका की बराबरी की दिशा में चीन का कदम

विशेषज्ञों का कहना है कि फुजियान की तैनाती से चीन न केवल अपनी समुद्री सीमाओं के भीतर बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र से आगे तक अपनी नौसैनिक शक्ति का प्रदर्शन कर सकेगा। शी जिनपिंग ने लक्ष्य रखा है कि वर्ष 2035 तक चीन की सेना पूर्ण रूप से आधुनिक बने और सदी के मध्य तक "विश्वस्तरीय सैन्य शक्ति" का रूप ले ले। इस दिशा में यह कदम अमेरिका की नौसेना से सामरिक शक्ति के अंतर को कम करने की ओर बढ़ाया गया एक और प्रयास है।

तकनीकी विशेषताएँ

फुजियान को अब तक का चीन का सबसे उन्नत विमानवाहक पोत कहा जा रहा है। इसमें इलेक्ट्रोमैग्नेटिक एयरक्राफ्ट लॉन्च सिस्टम (EMALS) लगाया गया है — वही तकनीक जो अमेरिकी विमानवाहक USS जेराल्ड आर. फोर्ड में इस्तेमाल होती है। यह तकनीक विमानों को अधिक तेज़ी, दक्षता और सुरक्षा के साथ उड़ान भरने तथा उतरने में मदद करती है। आने वाला चौथा विमानवाहक पोत रिपोर्टों के अनुसार, चीन अपने चौथे विमानवाहक पोत के निर्माण पर भी काम कर रहा है, जो संभवतः परमाणु ऊर्जा से संचालित होगा। परमाणु चालित पोत लंबे समय तक समुद्र में रह सकते हैं और उच्च ऊर्जा वाले आधुनिक हथियार प्रणालियों को संचालित करने में सक्षम होते हैं। विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका के साथ बढ़ते तनाव के बीच चीन अपनी नौसैनिक उपस्थिति को वैश्विक स्तर पर मजबूत करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है।

## बुलेटिन बॉक्स

» चीन ने अपने तीसरे विमानवाहक पोत "फुजियान" को आधिकारिक रूप से नौसेना बेड़े में शामिल किया, जिससे उसकी समुद्री शक्ति में भारी वृद्धि हुई।

---------------

» अमेरिका में एक संघीय न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन को 4.2 करोड़ नागरिकों के लिए SNAP फूड सहायता भुगतान तुरंत जारी करने का आदेश दिया।

---------------

» पाकिस्तान में सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (SIC) प्रमुख हामिद रजा को इस्लामाबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया, जिससे राजनीतिक तनाव बढ़ गया।

---------------

» ब्राजील ने 2030 तक अमेज़न वर्षावन में वनों की कटाई को शून्य करने की नई योजना की घोषणा की।

# जर्मन जनरल का दावा : रूस कभी भी नाटो देशो पर 'सीमित' हमला कर सकता है

बर्लिन, (हि.स.)। जर्मनी के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल अलेक्जेंडर सोल्फ्रैंक ने दावा किया है कि रूस उत्तर अटलांटिक संधि संगठन( नाटो) के सदस्य देशों पर कभी भी एक 'सीमित' हमला कर सकता है, लेकिन ऐसा करने का उसका फैसला पश्चिमी देशों के 'व्यवहार' पर निर्भर करेगा। जनरल सोल्फ्रैंक ने एक मीडिया संगठन को गुरूवार को दिए साक्षात्कार में कहा, "यदि आप रूस की वर्तमान क्षमताओं और युद्ध शक्ति पर नजर डालें, तो रूस कल से ही नाटो क्षेत्र पर छोटे स्तर का हमला शुरू कर सकता है। वह फिलहाल यूक्रेन में उलझा है, इसीलिए वह



एक छोटा, त्वरित, क्षेत्रीय रूप से सीमित हमला ही करेगा।" सोल्फ्रैंक, जर्मनी के संयुक्त संचालन कमांड का नेतृत्व करते हैं और रक्षा योजना की देखरेख करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि रूस हथियार जुटाने के प्रयासों को जारी रखता है, तो वह 2029 तक 32 सदस्यीय नाटो गठबंधन पर बड़े पैमाने पर हमला करने की क्षमता विकसित कर सकता है। हालांकि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आक्रामक इरादों से इनकार करते हुए कहते हैं कि रूस का 2022 का यूक्रेन पर आक्रमण करने का उद्देश्य नाटो की विस्तारवादी महत्वाकांक्षाओं से 'रक्षा' करना था। सोल्फ्रैंक ने कहा कि यूक्रेन में कुछ ''झटकों' के बावजूद, रूस की वायु सेना में पर्याप्त युद्ध शक्ति बरकरार है, और उसके परमाणु तथा मिसाइल बल मजबूत हैं। उन्होंने कहा, " रूस की थल सेना को नुकसान हो रहा है, लेकिन रूस कहता है कि वह अपनी कुल सैनिक संख्या को 15 लाख सैनिकों तक बढ़ाने का लक्ष्य रखता है और उसके पास इतने मुख्य युद्धक टैंक हैं कि कल से ही नाटों देशों पर सीमित हमला हो सकता है।" सोल्फ्रैंक ने कहा कि रूस का नाटो पर हमला करने का फैसला तीन कारकों पर निर्भर करेगा जो रूस की सैन्य शक्ति, सैन्य रिकॉर्ड और नेतृत्व हैं। उन्होंने कहा, "ये तीन कारक मुझे इस निष्कर्ष पर ले जाते हैं कि रूसी हमला संभव है। क्या यह होगा या नहीं, यह काफी हद तक हमारे अपने व्यवहार पर निर्भर करता है।" सोल्फ्रैंक ने 2024 में संयुक्त संचालन कमांड की स्थापना के बाद से ही इसका नेतृत्व किया है। वर्तमान पदभार संभालने से पहले, सोल्फ्रैंक ने जर्मनी के दक्षिणी शहर उल्म में नाटो की 'लॉजिस्टिक्स कमांड' जेसेक का संचालन किया था।

# टेस्ला से एलन मस्क को मिलेंगे एक ट्रिलियन डॉलर मूल्य के शेयर



वाशिंगटन, (हि.स.)। टेस्ला के शेयरधारकों ने कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलन मस्क को लगभग एक ट्रिलियन डॉलर मूल्य के शेयर देने की नई वेतन योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत मस्क दुनिया के पहले खरबपति बन सकते हैं। शेयरधारकों ने सहमति जताई कि यदि मस्क अगले दशक में टेस्ला का बाजार मूल्यांकन 1.4 ट्रिलियन डॉलर से बढ़ाकर 8.5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने और 10 लाख मानवरूपी रोबोट की बिक्री जैसे महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करते हैं, तो उन्हें यह इनाम मिलेगा। मस्क ने इसे टेस्ला के "भविष्य की नई किताब" बताया। फ्लोरिडा स्टेट बोर्ड और निवेशक कैथी वुड जैसे समर्थकों ने कहा कि यह योजना प्रदर्शन आधारित है, जिसमें मस्क और निवेशक दोनों लाभान्वित होंगे। वर्तमान में मस्क के पास टेस्ला के 15% शेयर हैं, जो बढ़कर 29% तक हो सकते हैं। हालांकि, आलोचकों का कहना है कि यह योजना अत्यधिक उदार है और मस्क को अनियंत्रित शक्ति दे सकती है।

## ट्रंप प्रशासन को जज ने दिया पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम का पूरा भुगतान करने का आदेश



वाशिंगटन, (हि.स.)। अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन को लगभग 4.2 करोड़ निम्न आय वाले नागरिकों के लिए पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (एसएनएपी) का पूरा भुगतान करने का आदेश दिया है। यह आदेश प्रशासन द्वारा सहायता में देरी करने पर फटकार के बाद आया। एसएनएपी, जिसे फूड स्टैम्प या फूड टिकट के रूप में भी जाना जाता है, अमेरिका की आबादी के लगभग आठवें हिस्से को खाद्य सहायता प्रदान करता है।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, आदेश के तुरंत बाद न्याय विभाग ने अदालत को सूचित किया कि वह इस फैसले के खिलाफ अपील करेगा। इस कदम से आशंका बढ़ गई है कि लाखों गरीब अमेरिकी इस महीने किराने का सामान खरीदने के लिए पर्याप्त सहायता नहीं प्राप्त कर पाएंगे, जिससे कई परिवार गंभीर आर्थिक संकट में पड़ सकते हैं।रोड आइलैंड जिले के न्यायाधीश जॉन जे. मैककोनेल जूनियर ने प्रशासन को फटकार लगाते हुए कहा कि उनके पिछले आदेश की अवहेलना की गई है। उन्होंने देरी के लिए आंशिक रूप से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके सहयोगियों को जिम्मेदार ठहराया और ट्रंप की सार्वजनिक टिप्पणियों का हवाला दिया। न्यायाधीश ने चेतावनी दी कि अगर समय पर भुगतान नहीं हुआ तो लाखों गरीब परिवार भूख का सामना कर सकते हैं।

उन्होंने अपने 27 पृष्ठों के लिखित आदेश में कहा, "मौजूदा स्थिति इस कार्यक्रम के मूल उद्देश्य को कमजोर करती है।" प्रशासन को शुक्रवार तक भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। वहीं, व्हाइट हाउस, कृषि विभाग और न्याय विभाग ने इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## इस्लामाबाद पुलिस ने सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल प्रमुख साहिबजादा मोहम्मद हामिद रजा को गिरफ्तार किया

इस्लामाबाद, (हि.स.)। पाकिस्तान के सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) प्रमुख साहिबजादा मोहम्मद हामिद रजा को इस्लामाबाद पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, रजा को फैसलाबाद की आतंकवाद-रोधी अदालत (एटीसी) में पेश होने से पहले इस्लामाबाद बाईपास रोड पर धरनास्थल के पास से हिरासत में लिया गया। एसआईसी के कार्यवाहक अध्यक्ष और रजा के भाई साहिबजादा हसन रजा ने गिरफ्तारी की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रजा अदालत में



आत्मसमर्पण के लिए जा रहे थे।इस पर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) नेता उमर अयूब ने तीखी प्रतिक्रिया दी और एक्स पर लिखा कि रजा को "अगवा" किया गया है। उन्होंने इसे राजनीतिक प्रतिशोध बताया और कहा कि हामिद रजा, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी हैं। दो दिन पहले पेशावर उच्च न्यायालय ने रजा की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। फैसलाबाद की एटीसी ने उन्हें नौ मई के दंगों में दोषी ठहराया था। बाद में पाकिस्तान चुनाव आयोग ने उन्हें नेशनल असेंबली की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया था। रजा और अन्य पीटीआई नेताओं को 10 साल कैद की सजा मिली थी।

## पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वां में सात विद्रोही और एक पुलिस अधिकारी की मौत

इस्लामाबाद, (हि.स.)। पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वां प्रांत के बन्नू शहर में पुलिस और आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) के एक संयुक्त अभियान में सात विद्रोही मारे गए हैं। इस दौरान एक पुलिस अधिकारी के मारे जाने की भी खबर है। जानकारी के अनुसार, बन्नू के छावनी पुलिस स्टेशन के अंतर्गत मैमंदखेल इलाके में पुलिस और विद्राही लड़ाकों के बीच गुरूवार को हुई एक भीषण मुठभेड़ में सात विद्रोही मारे गए ।इस दौरान एक पुलिस अधिकारी भी मारा गया । बन्नू के जिला पुलिस



अधिकारी (डीपीओ) के अनुसार, विद्रोहियों ने सुरक्षा बलों पर घात लगाकर हमला किया, जिसके बाद त्वरित जवाबी कार्रवाई में सभी सात विद्रोही मारे गए। मुठभेड़ के दौरान, आबिद खान नामक एक पुलिस अधिकारी भी मारा गया , जबकि दस अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसके अलावा, गोलीबारी की चपेट में आने से चार नागरिक भी घायल हुए हैं। अभियान के बाद कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने समूचे क्षेत्र में सुरक्षा कड़ी कर दी है और विद्रोहियों के मददगारों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी है।

# नेपाल में वोट डालने की उम्र दो साल घटानेके बावजूद युवाओं में कोई खास उत्साह नहीं

### - प्रधानमंत्री कार्की और निर्वाचन आयोग ने मतदाता नामावली में नाम दर्ज कराने की अपील की

काठमांडू, (हि.स.)। नेपाल में मतदान करने की उम्र 18 से घटाकर 16 करने के बाद भी युवाओं में मतदाता सूची को लेकर कोई खास उत्साह नहीं दिखाई दे रहा है, इसलिए युवा वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वाने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। अब अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की और निर्वाचन आयोग ने



आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए युवाओं से मतदाता नामावली में अपना नाम दर्ज कराने की अपील की है। प्रधानमंत्री कार्की ने अपने 'एक्स' एकाउंट पर लिखा, "आपका मत ही आपकी आवाज है। मतदाता पहचानपत्र के लिए पंजीकरण कराने के लिए अब केवल 9 दिन बचे हैं। इसी तरह निर्वाचन आयोग ने आगामी फागुन मार्च 5 को होने वाले चुनाव के लिए मतदाता नामावली में नाम दर्ज कराने की अंतिम तिथि 15 नवंबर तय की है। आयोग ने राजनीतिक दलों से मतदाता नामावली पंजीकरण के प्रचार-प्रसार में सहयोग करने का आग्रह किया है। आयोग के सहसचिव एवं प्रवक्ता नारायण प्रसाद भट्टराई ने आम संचार माध्यमों और संबंधित पक्षों से भी इस अभियान में सहयोग की अपील की है। निर्वाचन आयोग के अनुसार गुरुवार रात 8 बजे तक के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार अब तक 1,36,060 नए मतदाता जोड़े जा चुके हैं। केवल गुरुवार के दिन ही 11 हजार से अधिक नए मतदाताओं ने नाम दर्ज कराया। नेपाल में 2021 की जनगणना के मुताबिक 16 से 18 वर्ष तक की आयु के युवाओं की संख्या 16.5 लाख है, लेकिन सिर्फ 1.36 लाख युवाओं ने ही मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराया है, जो सरकार के लिए चिंता की बात है।



# WPL 2026 : दीप्ति शर्मा को यूपी वॉरियर्स ने क्यों नहीं किया रिटेन? हेड कोच ने बताया कारण

**लंदन,** (हि.स.)।आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 के खत्म होने के बाद अब महिला प्रीमियर लीग (WPL) का चौथा सीजन 2026 में खेला जाएगा। इसके लिए मेगा प्लेयर ऑक्शन भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी पांच फ्रेंचाइजी ने अपने रिटेन खिलाड़ियों की सूची घोषित कर दी है। इस सूची में सबसे चौंकाने वाला फैसला यूपी वॉरियर्स का रहा, जिन्होंने टीम इंडिया की स्टार ऑलराउंडर और महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 की प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट दीप्ति शर्मा को रिटेन नहीं किया। यूपी वॉरियर्स के हेड कोच अभिषेक नायर ने इस फैसले के पीछे की वजह का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि टीम का रणनीतिक दृष्टिकोण, टीम की संतुलन और प्लेइंग कंडीशन को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया। नायर ने यह भी कहा कि दीप्ति शर्मा की काबिलियत पर कोई सवाल नहीं है, लेकिन टीम को कुछ नए विकल्पों और युवा खिलाड़ियों को शामिल करने की जरूरत थी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी जोड़ा कि दीप्ति जैसे अनुभवी खिलाड़ी मेगा ऑक्शन में सभी फ्रेंचाइजी के लिए आकर्षण का केंद्र होंगे और उन्हें अच्छी कीमत पर खरीदा जाएगा।
इस फैसले के बाद दीप्ति शर्मा के फैंस और क्रिकेट विशेषज्ञ भी आश्चर्य में हैं, क्योंकि उन्होंने हाल ही में विश्व कप में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। अब मेगा ऑक्शन में सभी की नजरें उन पर टिकी होंगी कि कौन सी टीम उन्हें अपने स्क्वॉड में शामिल करती है। WPL 2026 में यह बड़ा मोड़ माना जा रहा है, जो खिलाड़ियों और टीमों के चयन में रणनीतिक बदलाव की झलक देता है।

# यूरोपा लीग : एस्टन विला ने मकाबी तेल अवीव को 2-0 से हराया, मैच के दौरान प्रदर्शन और गिरफ्तारियां

**लंदन,** (हि.स.)। इंग्लिश क्लब एस्टन विला ने यूरोपा लीग के मुकाबले में मकाबी तेल अवीव को 2-0 से पराजित कर ग्रुप तालिका में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। विला पार्क स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में घरेलू टीम ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया।
मैच के 22वें मिनट में लेओन बेली ने शानदार गोल कर एस्टन विला को बढ़त दिलाई। इसके बाद टीम ने लगातार दबाव बनाए रखा और दूसरे हाफ के 64वें मिनट में यूरी टीलमेंस ने दूसरा गोल दागकर जीत को पक्का कर दिया। इस जीत के साथ विला ने तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किए और नॉकआउट चरण में जगह बनाने की उम्मीदों को बल मिला।
मैच के दौरान मैदान पर जहां रोमांच अपने चरम पर था, वहीं मैदान के बाहर माहौल तनावपूर्ण बना रहा। इज़राइल-हमास संघर्ष को लेकर स्टेडियम के बाहर सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। कुछ प्रदर्शनकारी 'फ्री पैलेस्टाइन' के नारे लगा रहे थे, जबकि कुछ इज़राइल समर्थक समूह भी मौजूद थे, जिससे माहौल और गरम हो गया। पुलिस ने एहतियातन सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए और कई लोगों को हिरासत में लिया।
हालांकि, किसी बड़े हिंसक टकराव की खबर नहीं मिली और मैच शांतिपूर्वक संपन्न



हुआ। एस्टन विला के कोच यूनई एमरी ने खिलाड़ियों की तारीफ करते हुए कहा कि "टीम ने मैदान के भीतर संयम और अनुशासन के साथ बेहतरीन प्रदर्शन किया।" वहीं, मकाबी तेल अवीव के कोच ने कहा कि बाहरी परिस्थितियों के बावजूद खिलाड़ियों ने सम्मानजनक खेल दिखाया और टीम अगले मैच में वापसी करेगी।

# हांगकांग सिक्सेस : रोबिन उथप्पा की तूफ़ानी पारी, भारत ने पाकिस्तान को 2 रन से हराया

**हांगकांग**, (हि.स.)। हांगकांग सिक्सेस टूर्नामेंट में भारत ने एक रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को 2 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस मैच में भारतीय बल्लेबाज रोबिन उथप्पा ने तूफ़ानी पारी खेलते हुए टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 5 ओवर में 82 रन बनाए। उथप्पा ने सिर्फ 20 गेंदों में 46 रन ठोके, जिसमें 5 छक्के और 3 चौके शामिल थे। उनके साथ युसूफ पठान ने भी आक्रामक अंदाज में 18 रन जोड़ते हुए स्कोर को मजबूत बनाया। जवाब में पाकिस्तान टीम ने अच्छी शुरुआत की और मैच को अंतिम ओवर तक खींच



लिया। आखिरी ओवर में पाकिस्तान को जीत के लिए 9 रन चाहिए थे, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए केवल 6 रन ही दिए। इस तरह भारत ने मुकाबला 2 रन से अपने नाम किया। उथप्पा को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए "मैन ऑफ द मैच" चुना गया। भारतीय टीम की इस जीत से टूर्नामेंट में उसकी स्थिति मजबूत हो गई है और सेमीफाइनल में प्रवेश की उम्मीदें बढ़ गई हैं। भारत की जीत के बाद दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। उथप्पा और पठान की साझेदारी तथा गेंदबाजों के संयमित प्रदर्शन ने इस मुकाबले को यादगार बना दिया।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम घोषित, मैट हेनरी की वापसी

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा की है, जिसमें तेज़ गेंदबाज मैट हेनरी की चोट के बाद शानदार वापसी हुई है। कप्तानी की जिम्मेदारी ऑलराउंडर मिचेल सैंटनर को सौंपी गई है, जबकि केन विलियमसन को इस सीरीज से आराम दिया गया है ताकि वे आगामी टेस्ट सीरीज के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें। टीम में टॉम लैथम, डेवोन कॉनवे, डेरिल मिशेल, रचिन रविंद्र, माइकल ब्रेसवेल और विल यंग जैसे अनुभवी



खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, वहीं जैक फॉल्क्स, नाथन स्मिथ और ब्लेयर टिकनर जैसे युवा चेहरों को भी मौका मिला है।
यह सीरीज 16 नवंबर से क्राइस्टचर्च में शुरू होगी, जबकि दूसरा और तीसरा मुकाबला क्रमशः 19 नवंबर को नैपियर और 22 नवंबर को हैमिल्टन में खेला जाएगा। मैट हेनरी की वापसी न्यूजीलैंड की गेंदबाजी लाइन-अप को मजबूती देगी, खासकर तब जब कई मुख्य गेंदबाज चोट या आराम पर हैं। चयनकर्ताओं ने टीम के गठन में खिलाड़ियों के कार्यभार प्रबंधन को ध्यान में रखा है, ताकि आने वाले व्यस्त दौरे के लिए टीम संतुलित रहे।
वेस्टइंडीज के खिलाफ यह घरेलू सीरीज न्यूजीलैंड के लिए अपनी बेंच स्ट्रेंथ आज़माने और आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों से पहले टीम संयोजन को मजबूत करने का बेहतरीन अवसर होगी। हेनरी की फिटनेस और सैंटनर की कप्तानी टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, जबकि युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर सभी की नज़रें टिकी रहेंगी।

# डब्ल्यूटीए फाइनल्स: सबालेंका ने मौजूदा चैंपियन कोको गॉफ को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

**कानकुन (मेक्सिको),** 7 नवंबर। विश्व नंबर-2 आर्यना सबालेंका ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए मौजूदा चैंपियन और अमेरिकी स्टार कोको गॉफ को 6-3, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। बेलारूस की सबालेंका ने मुकाबले की शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और गॉफ की कमजोरियों का भरपूर फायदा उठाया।
पहले सेट में सबालेंका ने अपनी मजबूत सर्विस और बेसलाइन खेल से दबदबा



बनाया, जबकि गॉफ कई बार अनफोर्स्ड एरर करती रहीं। दूसरे सेट में गॉफ ने वापसी की कोशिश की, लेकिन सबालेंका की रफ्तार और नियंत्रण के सामने टिक नहीं सकीं। बेलारूसी खिलाड़ी ने लगातार दो बार ब्रेक हासिल कर 1 घंटे 25 मिनट में मैच अपने नाम कर लिया।
इस जीत के साथ सबालेंका ने पिछले सीजन में गॉफ के हाथों मिली हार का बदला लिया और लगातार तीसरे वर्ष डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस जीत के बाद उन्होंने कहा कि "मैंने पिछले कुछ मैचों से काफी कुछ सीखा है और आज कोर्ट पर पूरी ऊर्जा के साथ उतरी थी।"
अब सेमीफाइनल में उनका मुकाबला इगा स्वियातेक और एलेना राइबाकिना के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा। सबालेंका का यह प्रदर्शन साबित करता है कि वह इस बार खिताब जीतने की प्रबल दावेदार हैं।